

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 20 दिसंबर 2024 ■ पौष कृष्ण पक्ष-5 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-260 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 21 दिसंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में अर्बन नक्सल संगठन थे शामिल

**महाराष्ट्र विधानसभा में फडणवीस का बड़ा खुलासा, काठमांडू में हुई एक बड़ी मीटिंग**



**मुंबई,20 दिसंबर।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने आरोप लगाया है कि राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो यात्रा में अर्बन नक्सल संगठन शामिल थे और उन्होंने भाजपा के नेतृत्व वाली सरकारों को अस्थिर करने की साजिश रचने के लिए नेपाल में एक बैठक की। विधानसभा में बोलते हुए, फडणवीस ने कहा कि वित्तीय राजधानी में अशांति पैदा करने के लिए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से ठीक पहले 15 नवंबर को काठमांडू में बैठक आयोजित की गई थी। फडणवीस ने कहा कि आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने चुनावों में आतंकवादी फंड के इस्तेमाल की जांच शुरू कर दी है और दावा किया है कि विदेशी हस्तक्षेप के सबूत हैं।

मुख्यमंत्री ने विधानसभा में बताया कि 15 नवंबर को, काठमांडू में एक बैठक हुई जिसमें (राहुल गांधी के नेतृत्व वाली) भारत जोड़ो यात्रा में भाग लेने वाले कुछ संगठनों ने भाग लिया और ईवीएम का विरोध, और महाराष्ट्र और भाजपा शासित राज्यों में मतपत्र की शुरूआत जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के लिए समर्थन जुटाने के लिए राहुल गांधी पूरे देश में पदयात्रा पर निकले। फडणवीस ने आगे दावा किया कि राहुल गांधी की यात्रा में भाग लेने वाले 180 संगठनों में से 40 को कांग्रेस-एनसीपी सरकार के दौरान पूर्व गृह मंत्री आरआर पाटिल ने फ्रंटल संगठनों के रूप में नामित किया था। उन्होंने आगे कहा कि 18 फरवरी 2014 को, मनमोहन सिंह सरकार के दौरान, केंद्र ने लोकसभा में 72 फ्रंटल संगठनों का उल्लेख किया, जिनमें से 7 भारत जोड़ो यात्रा का हिस्सा थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन संगठनों ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के लिए प्रचार किया। फडणवीस ने कहा कि भारतीय चुनावों में विदेशी हस्तक्षेप के सबूत हैं। विपक्ष अपने कंधों का इस्तेमाल किसी और को करने दे रहा है।



## केमिकल से भरे टैंकर में भीषण धमाका,8 जिंदा जले

**60 से ज्यादा लोग झुलसे,29 ट्रक,5 कारें, 2 बसें,1 आटो तीन बाइक राख,20 दुकानें स्वाहा**

**जयपुर,20 दिसंबर।** राजधानी जयपुर के अजमेर हाईवे पर आज सुबह 5 बजे भांकरोटा के पास केमिकल से भरे टैंकर में भीषण धमाका हो गया। हादसे में 8 लोग जिंदा जल गए और 60 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से झुलस गए। धमाके की आवाज 10 किलोमीटर दूर तक सुनाई दी, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। टैंकर को पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मारी, जिससे आग भड़क गई। हादसे में 29 ट्रक, 5 कारें, 2 बसें, एक ऑटो और 3 बाइक जलकर खाक हो गईं। इसके अलावा, एक पाइप फैक्ट्री, गोदाम और 20 से अधिक दुकानें भी आग की चपेट में आ गईं। झुलसे 39 लोगों को सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 4 की मौत हो गई। चिकित्सा सचिव अम्बरीष कुमार ने बताया कि 35 घायलों का इलाज जारी है। घटना ने हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल बना दिया। प्रशासन और दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## संक्षेप



### पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला का निधन

**चंडीगढ़,20 दिसंबर।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला का निधन हो गया है। 89 साल की उम्र में उन्होंने गुरुग्राम में अपने निवास पर अंतिम सांस ली। चौटाला के निधन से हरियाणा और देश की राजनीति में शोक की लहर है। बीते कई दिनों से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे। ओमप्रकाश चौटाला इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के चीफ थे। ओमप्रकाश चौटाला, भारत के डिप्टी पीएम रहे चौधरी देवीलाल के बेटे थे।

### सीएम नीतीश कुमार की तबीयत बिगड़ी

**पटना,20 दिसंबर।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की आज तबीयत खराब हो गई है. आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राजगीर में भी एक प्रोग्राम में जाने वाले थे. पटना में भी आज बिजनेस कनेक्ट में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने वाले थे ,लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तबीयत अचानक बिगड़ने के कारण जितने भी कार्यक्रम थे सभी कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया है. तबीयत खराब होने की वजह से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज किसी भी सरकारी या गैर सरकारी समारोह या मीटिंग में शामिल नहीं होंगे. खबर है कि सीएम नीतीश कुमार को मौसम बदलने के कारण तबीयत में समस्या हुई है. गुरुवार को राज्य कैबिनेट की बैठक में उन्होंने अपने मंत्रियों से तबीयत ठीक नहीं होने की बात कही थी.

### स्कार्पियो ने बाइक और स्कूटी को लिया चपेट में, एक की मौत

**कोंडागांव,20 दिसंबर।** कोंडागांव जिले के फरसगांव नगर के बस स्टैंड के पास गुरुवार रात करीब 9.30 बजे एक सड़क हादसा हुआ। रायपुर की ओर जा रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने रोड किनारे खड़ी बाइक और स्कूटी को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार शशि ठाकुर, जो फरसगांव के निवासी थे, गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें फरसगांव अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज के दौरान निधन हो गया। इसके अलावा, स्कॉर्पियो में सवार एक बुजुर्ग भी घायल हो गए। हादसे के बाद स्कॉर्पियो बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के तुरंत बाद, स्कॉर्पियो चालक फरसगांव थाना पहुंचकर खुद को पुलिस के हवाले कर दिया। फरसगांव थाना क्षेत्र में इस घटना से क्षेत्र में हलचल मच गई है।

### डीआरजी टीम पर नक्सलियों ने किया आईईडी ब्लास्ट दो जवान घायल

**नारायणपुर,20 दिसंबर।** जिले के कच्चापाल कैंप निर्माण के बाद, 19 दिसंबर से लगातार दो दिनों से आईईडी ब्लास्ट की घटनाएं हो रही हैं। आज, 20 दिसंबर को, कच्चापाल के नए कैम्प में रोड निर्माण सुरक्षा में लगी डीआरजी नारायणपुर टीम पर नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट किया, जिसके परिणामस्वरूप दो जवान घायल हो गए। घायल जवानों को नारायणपुर जिला मुख्यालय स्थित जिला अस्पताल लाने की तैयारी की जा रही है। यह घटना कोहकामेटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई है। नारायणपुर के एसपी प्रभात कुमार ने इस घटना की पुष्टि की है, और विस्तृत जानकारी जल्द ही प्रदान की जाएगी।

### छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष, सुरेंद्र सिंह केम्बो का निधन

**भिलाई नगर 20 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष, उद्योगपति ,व वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र सिंह केम्बो का आज सुबह श्री शंकराचार्य हास्पीटल में निधन हो गया। 13 दिसंबर को अचानक तबियत बिगड़ने से उन्हें उपचारार्थ अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## हिन्दुओं का नेता बनने मंदिर-मस्जिद के नये मुद्दे उठा रहे, ये स्वीकार्य नहीं : भागवत

**नागपुर,20दिसंबर।** अयोध्या राम मंदिर -बाबरी मस्जिद विवाद खत्म होने के बाद देश में इन दिनों फिर से मंदिर-मस्जिद को लेकर नए विवाद सामने आ रहे हैं। इसे लेकर अब RSS चीफ मोहन भागवत ने बड़ा बयान दिया है। पुणे में हिंदू सेवा महोत्सव के दौरान RSS प्रमुख ने कहा कि हर दिन नए-नए मुद्दे उठाए जा रहे हैं, और यह स्थिति स्वीकार्य नहीं है। भागवत ने उदाहरण देते हुए कहा कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद कुछ लोग नई जगहों पर इसी तरह के विवाद उठाकर हिंदू समुदाय के नेता बनने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने इस प्रकार के विवादों को रोकने की आवश्यकता जताई और कहा कि यह रणनीति देश की एकता और अखंडता के खिलाफ है। बता दें कि हाल ही में उत्तर प्रदेश के संभल में स्थित जमा मस्जिद को शिव मंदिर होने का दावा किया गया है। इसे लेकर कोर्ट में याचिका भी दाखिल की गई है। इसे लेकर पिछले दिनों संभल में दंगा भी भड़क गया था। वहीं संभल में मिले प्राचीन शिव मंदिर की कार्बन डेटिंग से होगी जांच, सर्वे के लिए शनिवार को पहुंच सकती है। जबकि राजस्थान के प्रसिद्ध अजमेर शरीफ में ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती की



दरगाह में शिव मंदिर के दावे वाली विष्णु गुप्ता की याचिका पर शुक्रवार को अजमेर की सिविल कोर्ट में सुनवाई होने जा रही हैं। देश के अलग-अलग हिस्सों में हो रहे मंदिर-मस्जिद विवाद में राष्ट्रीय स्वयं संघ (आरएसएस) प्रमुख ने चिंता व्यक्त की है। प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि अयोध्या राम मंदिर निर्माण के बाद कुछ लोगों को ऐसा लग रहा है कि वे ऐसे मुद्दों को उठाकर हिंदुओं के नेता बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि ये नए विवाद स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि दुनिया को दिखाने की आवश्यकता है कि देश सद्भावना के साथ रह सकता है।

## कुरान के अपमान पर फंसे आप विधायक का चुनाव लड़ने से इंकार

**नई दिल्ली,20 दिसंबर।** आम आदमी पार्टी ने महरौली से उम्मीदवार नरेश यादव की जगह महेंद्र चौधरी को उम्मीदवार बनाया। दिल्ली विधानसभा चुनाव अगले साल की शुरुआत में होने वाले हैं। आगामी चुनाव पार्टी के शासन मॉडल और मतदाताओं के बीच इसकी अपील के लिए एक अग्निपरीक्षा होने की उम्मीद है। इससे पहले दिन में नरेश यादव ने अपनी वापसी की घोषणा करते हुए कहा कि बारह साल पहले, मैं आदरणीय अरविंद केजरीवाल जी की ईमानदार राजनीति से प्रेरित होकर आम आदमी पार्टी में शामिल हुआ था। इस पार्टी ने मुझे बहुत कुछ दिया है।

## हिस्ट्रीशीटर रंजन गर्ग के अवैध फार्म हाउस पर चला बुलडोजर

**बिलासपुर,20 दिसंबर।** कुख्यात हिस्ट्रीशीटर रंजन गर्ग के मस्तूरी हाईवे के पास सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर बनाए गए फार्म हाउस पर आज सुबह से बुलडोजर चलना शुरू हो गया है। जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच कार्रवाई कर रही है. मस्तूरी हाईवे के पास ग्राम पंचायत ढेका के पास एक एकड़ सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर बनाया गया फार्म हाउस शराब, जुआ जैसे अवैध धंधों का अड्डा बना गया था. कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व और पुलिस टीम कार्रवाई कर रही है. हत्या सहित कई गंभीर अपराधों में



आरोपी रंजन गर्ग फिलहाल सुप्रीम कोर्ट से जमानत के बाद जेल से बाहर है.

## सदन में उठा राजीव गांधी किसान न्याय योजना की राशि में कमी का मामला

**रायपुर,20दिसंबर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन प्रश्नकाल के दौरान भाजपा विधायक मोतीलाल साहू ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना की राशि में कमी का मामला उठाया. मंत्री रामविचार नेताम ने बताया कि राशि कम और ज़्यादा दी गई है. पिछली सरकार ने किसानों को छलने का काम किया. इसके साथ ही सदन में पक्ष और विपक्ष के बीच नोक-झोंक शुरू हो गई. भाजपा विधायक मोतीलाल साहू ने सवाल किया कि 2020-21 के मुक़ाबले 2021-22 में राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत किसानों को राशि कम क्यों दी गई? इस कमी का क्या कारण है? जबकि राशि बढ़नी चाहिए थी. इस पर मंत्री रामविचार नेताम ने बताया कि राशि कम और ज़्यादा दी गई है. राशि में कमी होने का प्रमुख कारण था कि सरकार ने किसानों के मेड़ का रकबा काटा और राशि घटाई. विष्णुदेव सरकार किसान हितैषी है. किसानों के बारे में बोलने का इनका मुँह नहीं है. विधायक साहू ने कहा कि किसानों की संख्या बढ़ी थी फिर भी रक़बा काटकर राशि कम दी गई थी. अटल श्रीवास्तव ने सवाल किया कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना की आखिरी किश्त कब देंगे? इस पर नेताम ने कहा कि एक साल के भीतर 17 हज़ार करोड़ रुपये किसानों को दिया गया है. इसीलिए ऑटो मोबाइल सेक्टर में बूम है.

## छुरिया नगर पंचायत के वार्डों का आरक्षण

छुरिया ,20 दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

नगर पंचायत छुरिया के 15 वार्डों के पार्षद पदों के लिए आरक्षण की प्रक्रिया जिला पंचायत राजनांदगांव के सभागार में 19 दिसंबर को संपन्न हुई जिसमें वार्ड क्रमांक 01 अनुसूचित जाति एस सी मुक्त, वार्ड क्रमांक 02 सामान्य मुक्त, वार्ड क्रमांक 03 अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त ,वार्ड क्रमांक 04 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड क्रमांक 05 सामान्य मुक्त ,वार्ड क्रमांक 06 सामान्य मुक्त ,वार्ड क्रमांक 07 सामान्य महिला ,वार्ड क्रमांक 08 सामान्य मुक्त ,वार्ड क्रमांक 09 सामान्य महिला ,वार्ड क्रमांक 10 सामान्य मुक्त ,वार्ड क्रमांक 11 अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त, वार्ड क्रमांक 12 सामान्य महिला, वार्ड क्रमांक 13 अनुसूचित जनजाति महिला, वार्ड क्रमांक 14 अनुसूचित जनजाति मुक्त तथा वार्ड क्रमांक 15 अनुसूचित जनजाति मुक्त। नगर में पार्षद पदों के लिए आरक्षण आने के बाद पार्षद चुनाव लड़ने वाले अब वार्डों की ओर रुख करेंगे और मतदाताओं को साधने में लगेंगे चुनाव का बिगुल बजने के बाद चौक चौराहो में माहौल देखते ही बनेगा वहीं अध्यक्ष पद के आरक्षण का भी नगरवासियों व दावेदारों को बेसब्री से इंतजार रहेगा। दोनों राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस और भाजपा के बैठकों में भीड़ नहीं रहती थी



लेकिन नगर पंचायत चुनाव के आरक्षण के बाद किसी भी प्रकार का बैठकों में भीड़ देखने को मिलेगा। क्योंकि टिकट के दावेदारों ने अपनी सक्रियता दिखाने में लगेंगे और नेताओं के आगे पीछे घूमते नज़र आयेंगे।

## सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार, पांच अधिकारियों का सदन में निलंबन

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,20 दिसंबर।** दंतेवाड़ा जिले में डीएमएफ मद से सड़क निर्माण के मुद्दे पर तीखी बहस के बाद डिप्टी सीएम ने सड़क निर्माण में गड़बड़ी के मामले में 5 लोगों को निलंबित करने की सदन में घोषणा भी कर दी. उन्होंने इस मामले में संबंधित ठेकेदार से वसूली करने के साथ उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का भी ऐलान किया. विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान भाजपा सदस्य अजय चंद्राकर ने जिला निर्माण समिति दंतेवाड़ा के तहत डीएमएफ मद से स्वीकृत सड़कों का मामला उठाते हुए सवाल दागे. उन्होंने पूछा कि क्या इस सड़क के निर्माण में अनियमितता की शिकायत मिली थी. इसमें किस तरह की गड़बड़ियां पाई गई और जो दोषी पाए गए उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की गई. सवालों के बीच उन्होंने इसमें भ्रष्टाचार के आरोप लगाए. उन्होंने माप पुस्तिका में दर्ज कार्यों के तहत भुगतान को लेकर सवाल दागे. उन्होंने पूछा कि क्या ठेकेदार को अधिक भुगतान किया गया है. इस पर डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि यह कार्य पीएम ग्राम सड़क के तहत डीएमएफ में स्वीकृत ही नहीं है. बल्कि जिला निर्माण समिति समिति के विशेष केन्द्रीय सहायता मद में स्वीकृत है.

उप मुख्यमंत्री ने स्वीकार किया कि इस मामले में शिकायत मिली थी. दंतेवाड़ा कलेक्टर द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय टीम गठित कर प्रथम स्तरीय जांच कराई गई. इसके भीतिक सत्यापन में अर्थवर्क, जीएसबी डामरीकरण कार्य, डब्लूबीएम और सोल्डर कार्य, रिटनिंग वॉल में अनियमितता का उल्लेख है. डिप्टी सीएम ने जांच रिपोर्ट में ठेकेदार से 2 करोड़ की वसूली का जिक्र किया. तब चंद्राकर ने पूछा कि जब भुगतान ज्यादा नहीं हुआ तो जांच समिति किस बात की वसूली कर रही है. इस पर डिप्टी सीएम एक द्वारा माप पुस्तिका के आधार पर कम भुगतान और वसूली के आदेश होने की बात कही. इस पर चंद्राकर बिफर पड़े. उन्होंने डिप्टी सीएम पर का आरोप लगाए कि आप भ्रष्टाचार को छिपा रहे हैं. भ्रष्टाचार को उजागर क्यों नहीं कर रहे, संरक्षण क्यों दे रहे हैं. इस बात इस पर सदन में विपक्ष ने भी हंगामा शुरू कर दिया. इसी बीच दोनों में तीखे लहजे में बहस और टकराव की स्थिति बन गई.

सदन में डिप्टी सीएम और भाजपा सदस्य के बीच टकराव और तौखे लहजे में बहस के दौरान आसंदी ने मामला संभाला. उन्होंने समझाइश देते हुए कहा कि इतनी ऊंची आवाज में न बोलें. माइक लगा है इसलिए सब धीरे बोलने से भी सुन लेते हैं. इसलिए टोन नीचे करें. आरोप-प्रत्यारोप की जरूरत नहीं है. संसदीय तरीके से समझाने का प्रयास करें.

सदन में बहस के दौरान विपक्ष के सदस्य टोकाटाकी करते रहे. डिप्टी सीएम की घोषणा के बाद अजय चंद्राकर ने कहा कि वो ठेकेदार जिला कांग्रेस अध्यक्ष है, उसका कारनामा है. क्या ठेकेदार के पूरे काम की जांच कराई जाएगी. इस पर डिप्टी सीएम ने कहा कि निःसंदेह जांच कराई जाएगी.

### इनके निलंबन की घोषणा

- सेवानिवृत्त कार्यपालन अभियंता अनिल राठौर के विरूद्ध जांच
- कार्यपालन अभियंता दामोदर सिंह सिदार को निलंबित कर विभागीय जांच की घोषणा
- अनुविभागीय अधिकारी तारकेश्वर दीवान को निलंबित कर विभागीय जांच की घोषणा.
- सहायक अभियंता आरवी पटेल को निलंबित कर विभागीय जांच का ऐलान.
- एक उपअभियंता का निधन हो चुका है.
- उपअभियंता रविकांत सारथी को निलंबित किया जा चुका है.
- ठेकेदार के खिलाफ वसूली, जांच के आदेश हो गए हैं, एफआईआर का आदेश हो गया है.
- ठेकेदार को पीडब्ल्यूडी में ब्लैक लिस्टेड किया गया है.

## वेलकम डिस्टलरी पर अटल ने मंत्री को घेरा

रायपुर,20दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

विधायक अटल श्रीवास्तव ने प्रश्नकाल में वेलकम डिस्टलरी चेकरबनधा कोटा के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों की जांच का मामला उठाया. उन्होंने कहा कि इसे कब तक अनुमति प्रदान की जाएगी? शर्तें क्या-क्या होंगी? 2 वर्षों में और किसके द्वारा क्या-क्या शिकायत प्राप्त हुई? शिकायत को जांच कब कब की गई है. क्या कार्यवाही की गई? वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने दिल्ली द्वारा 10/03/2024 को पर्यावरण स्वीकृति दी गई थी. इसमें चिमनी में उत्सर्जन उपचारित दूषित की गुदवाता निर्धारित मन के अनुरूप रखने स्पेनबॉश का बायो मिथेनेशन डाइजेस्टर,एक्टिवेट स्लज प्रोसेस और लैंपिटिंग के माध्यम से उपचारित कर प्रयोग किए जाने जल एवं मृदा गुणवत्ता का परिमापन आदि शर्ते शामिल हैं. मंत्री चौधरी ने कहा कि हमने ग्रामवासियों ओर सरपंचों द्वारा शिकायत दर्ज की थी. वायलेशन के आधार पर उद्योग को 3 लाख 90 हजार की पेनाल्टी की गई है. तीसरी शिकायत पर 9 लाख की पुनः पेनाल्टी की गई है. विधायक श्रीवास्तव ने सवाल किया कि क्या पेनाल्टी से पर्यावरण दूषित होने से प्रदूषण रुक गया रेगुलर बेसिस से क्या जांच होती है? उसे बंद किया जाना चाहिए हमारा अनुरोध है. मंत्री ने बताया कि निर्धारित फॉर्मूला के आधार पर ही हम फाइन लगा सकते है. जब भी कोई शिकायत प्राप्त होती है, जिसमें इसी वित्तीय वर्ष में 3 शिकायत प्राप्त होती है, जिसमें हम नोटिस के साथ एक टाइम देते है. अगर सुधार होता है तो पेनाल्टी के बाद प्रकिया चालू की जाती है. विधायक ने कहा कि वहां के किसान, स्कूल के बच्चे शिकायत कर रहे है कि अरपा नदी में लगातार पॉल्यूशन हो रहा है. इसे बंद क्यों नहीं किया जा रहा है? लगातार इस मामले पर शिकायत आ रही है? इस पर मंत्री ने कहा कि अगर सदस्य को ऐसा लगा रहा है तो इसमें मुझे लिखित में शिकायत दे दे जांच कराएंगे. उमेश पटेल ने सुझाव दिया कि विधायक मंत्री जी को साथ लेकर चले जाए, जिससे वे स्वयं जाकर वहा की शिकायत सुन सके?बच्चे लगातार शिकायत करते है समस्या बढ़ती चलाई जा रही है.

## वन अधिकार पट्टा वितरण के लंबित प्रकरणों का होगा शीघ्र निवारण

**रायपुर,20 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन वन अधिकारी पट्टा वितरण के मुद्दे पर सरकार को घेरने का प्रयास किया गया. मंत्री रामविचार नेताम ने बताया कि अधिकार पत्र के दुरुपयोग की शिकायत नहीं आई है. वहीं लंबित प्रकरणों का अतिशीघ्र निवारण करने का भरोसा दिलाया. विधायक अम्बिका मिश्रा ने प्रश्नकाल में विधानसभा क्षेत्र सिहावा में वन अधिकारी पट्टा वितरण का मुद्दा उठाया. उन्होंने सवाल किया कि वर्ष 2021-22 से जिन 2024 तक कितने पट्टे वितरित किए गए है? इसका रकबा भी बताए? कितने को पट्टा वितरित की जाना प्रक्रियाधीन है? कितने अपात्र होने के कारण अस्वीकृत है? पट्टा वितरण का लक्ष्य कब तक पूरा किया जाएगा? इस पर मंत्री राम विचार नेता ने बताया कि अब तक 519 सामुदायिक वन अधिकार पर वितरित किए जा चुके है. अब तक कोई भी प्रक्रियाधीन वन अधिकार पत्र दिए जाने के लिए नहीं है. अपात्र कारण कोई भी प्रकरण अस्वीकृत नहीं है. इसमें अलग से कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं है, और समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है. इस पर विधायक मरकाम ने सवाल किया कि 519 पत्रों के दुरुपयोग की कितनी शिकायत प्राप्त हुई है, और उनमें क्या कार्यवाही हुई है? मंत्री ने बताया कि वन अधिकार के संबंध में पूरी जानकारी दे दी है. दुरुपयोग के बारे में इसकी शिकायत नहीं आई है, शिकायत देंगे तो उसे दिखावा लेंगे.

## संसद धक्कामुक्की कांड की जांच करेगी दिल्ली क्राइम ब्रांच

**नई दिल्ली,20 दिसंबर।** अंबेडकर विवाद के बीच संसद धक्कामुक्की कांड की जांच दिल्ली क्राइम ब्रांच करेगी। जानकारी के मुताबिक मुताबिक भाजपा और कांग्रेस दोनों की शिकायतों की संसद मामले की जांच क्राइम ब्रांच को सौंप दी जाएगी। वहीं मामले में क्राइम ब्रांच ने कहा कि मामले का खुलासा जल्द करेंगे। हमने लोकसभा सचिवालय से उस स्थान की सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराने का अनुरोध करेंगे, जहां यह घटना हुई थी।बता दें कि राज्यसभा में अमित शाह के बाबा साहेब अंबेडकर पर दिए बयान को लेकर पिछले चार दिन से आंदोलन कर रही है। गुरुवार (19 दिसंबर) को बीजेपी ने कांग्रेस के विरोध में और कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी पार्टियों ने संसद परिसर में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान भाजपा और कांग्रेस सांसदों के बीच धक्कामुक्की हो गई। इसमें बीजेपी सांसदों (प्रतापचंद्र सारंगी और मुकेश राजपूत) को चोट गई गई थी। दोनों को अस्पताल में भर्ती किया गया था। भाजपा ने राहुल गांधी पर धक्का देने का आरोप लगाते हुए सांसद अनुराग ठाकुर और बांसुरी स्वराज ने संसद मार्ग थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। दिल्ली पुलिस ने शिकायत के आधार पर राहुल गांधी के खिलाफ FIR दर्ज किया था। दिल्ली पुलिस राहुल गांधी के खिलाफ हत्या के प्रयास BNS की धारा 109 के तहत मुकदमा नहीं दर्ज करेगी।

## मेरठ में प्रदीप मिश्रा की कथा के दौरान भगदड़, महिलाएं-बुजुर्ग दबे

**मेरठ,20 दिसंबर।** आज यहां पंडित प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण कथा के दौरान भगदड़ मच गई। इसमें कई महिलाएं और बुजुर्ग दब गए। कहा गया है कि कथा के दौरान भीड़ बेकाबू होने से भगदड़ मची। हादसे में कई घायल हो गए। बता दें कि आज कथा का छठा दिन है। कल कथा का अंतिम दिन होगा। ऐसे में आज लाखों की संख्या में भक्तों की भीड़ जमा है। शुरुआती जानकारी के अनुसार कथा में पहुंचने वालों की भीड़ बेकाबू हो रही थी। ऐसे में वहां तैनात सुरक्षा कर्मियों ने रोकने की कोशिश की। लोगों ने पहले तो धक्का-मुक्की शुरू की इसके बाद वहां भगदड़ मच गई। पिछले 6 दिनों से चल रही कथा में रोज एक लाख से अधिक लोग पंडित प्रदीप मिश्रा को सुनने के लिए पहुंच रहे हैं। पुलिस बल पहले से ही पंडाल और उसके आस-पास तैनात है। भगदड़ की जानकारी होते ही अन्य थानों की पुलिस और प्रशासन अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं। बताया जा रहा है कि हादसे में कई महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग घायल



हो गए हैं। भगदड़ में आधा दर्जन महिलाएं गंभीर रूप से चोटिल हो गई हैं। सभी को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर भीड़ को काबू किया। फिलहाल स्थिति सामान्य बताई जा रही है। साथ ही मेडिकल टीम भी मौके पर पहुंच गई है। एंट्री गेट पर अव्यवस्था की वजह से धक्का-मुक्की हुई। मेरठ के एसएसपी ने बताया कि भीड़ ज्यादा होने की वजह से ऐसे हालात बने और कोई भी गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ है। स्थिति पूरी तरह से संभाल ली गई है। घटनास्थल पर कई पुलिस अधिकारी, मेडिकल की टीम और एम्बुलेंस मौजूद हैं ।

## पत्नी ने अपना लिया ईसाई धर्म,पति ने लगा ली फांसी

**बालोद.** जिले के अर्जुन्दा थाना क्षेत्र में एक पति ने अपनी पत्नी की प्रताड़ना से तंग आके फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है. बताया जा रहा है कि पत्नी के ईसाई धर्म अपनाने और बार-बार विवाद कर मायके जाने से पति आहत था. आत्महत्या से पहले पति ने घर की दिवार पर सुसाइड नोट भी लिखा है. मामले में पुलिस ने जांच शुरु कर दी है. मिली जानकारी के मुताबिक, अर्जुंदा नगर वार्ड क्रमांक 11 के रहने वाले (35 वर्षीय) गजेंद्र देवांगन की पत्नी राजेश्वरी देवांगन ने इसाई धर्म को अपना लिया था. इस बात से पति आहत था. पति और पत्नी के बीच आए दिन विवाद होता था. पत्नी बच्चों को छोड़कर बार-बार मायके चली जाती थी. इस बात की जानकारी पति गजेंद्र ने पुलिस थाने में भी 8 दिसंबर को दी थी. लगातार प्रताड़ना से परेशान होकर पति गजेंद्र देवांगन ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली.

# कबीरधाम जिले के सात नगरीय निकायों के एक सौ बीस वार्डों की आरक्षण प्राक्रिया पूरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 20 दिसंबर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा की उपस्थिति में आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के 7 नगरीय निकाय के कुल 120 वार्डों के लिए आरक्षण की प्रक्रिया पूरी की गई। इस प्रक्रिया में नगर पालिका कवर्धा के 27 वार्ड, पंडरिया के 18 वार्ड के साथ साथ नगर पंचायत पिपरिया के 15 वार्ड, इंदौरी के 15 वार्ड, सहसपुर लोहारा के 15 वार्ड, बोडला के 15 वार्ड और पांडातराई के 15 वार्डों का अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और महिलाओं के लिए आरक्षण निर्धारित किया गया। छत्तीसगढ़ नगर पालिक अधिनियम, 1961 की धारा-29 (क) सहपठित छत्तीसगढ़ नगर पालिका (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिये वार्डों का आरक्षण) नियम 1994 के प्रावधानों के तहत कवर्धा जिले के सभी नगर निकायों में वार्डों के लिए आरक्षण सुनिश्चित किया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती मोनिका कौड़ो, कवर्धा एसडीएम अनुपम टोप्पो, सहसपुर लोहारा सुश्री आकांक्षा नायक, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन, श्रीमती गीता रायस्त, सहायक संचालक एम के गुप्ता, नगर पालिका और नगर पंचायत के सीएमओं सहित राजनैतिक पार्टी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

**नगर पालिका परिषद कवर्धा** -कवर्धा नगर पालिका परिषद के वार्ड 01 में आरक्षण अ.पि.वर्ग मुक्त, वार्ड 02 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 03 में अ.पि.वर्ग मुक्त, वार्ड 04 में अ.जा. मुक्त, वार्ड 05 में अ.ज.जा महिला, वार्ड 06 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 07 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 08 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 09 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 10 में अ.ज.जा मुक्त, वार्ड 11 में अ.पि. वर्ग मुक्त, वार्ड 12 में अनारक्षित महिला, वार्ड 13 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 14 में अ.पि.वर्ग मुक्त, वार्ड 15 में अनारक्षित महिला, वार्ड 16 में अनारक्षित महिला, वार्ड 17 में अ.जा. महिला, वार्ड 18 में अ.जा. मुक्त, वार्ड 19 में अ.पि.वर्ग महिला, वार्ड 20 में अ.पि.वर्ग महिला, वार्ड 21 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 22 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 23 में अ.पि.वग. मुक्त, वार्ड 24 में अनारक्षित महिला, वार्ड 25 में अनारक्षित महिला, वार्ड 26 में अनारक्षित मुक्त और वार्ड 27 में अ.जा. मुक्त है।

**नगर पालिका परिषद पंडरिया** -पंडरिया नगर पालिका परिषद के वार्ड 01 में आरक्षण अ.जा. महिला, वार्ड 02 में अ.जा. महिला, वार्ड 03 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 04 में अनारक्षित महिला, वार्ड 05 में अ.जा. मुक्त, वार्ड 06 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 07 में अ.पि.वर्ग मुक्त, वार्ड 08 में अ.जा. मुक्त, वार्ड 09 में अनारक्षित महिला, वार्ड 10 में अ.जा. मुक्त, वार्ड 11 में अ.ज.जा महिला, वार्ड 12 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 13 में अ.पि.वग. महिला, वार्ड 14 में अ.ज.जा मुक्त, वार्ड 15 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 16 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 17 में अनारक्षित मुक्त और वार्ड 18 में अनारक्षित मुक्त है।

**नगर पंचायत पिपरिया**-नगर पंचायत पिपरिया के वार्ड 01 में आरक्षण अ.पि.वर्ग मुक्त, वार्ड 02 में अ.पि.वर्ग मुक्त, वार्ड 03 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 04 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 05 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 06 में अ.पि.वर्ग मुक्त, वार्ड 07 में अ.पि.वर्ग महिला, वार्ड 08 में अ.पि.वर्ग महिला, वार्ड 09 में अ.जा. महिला, वार्ड 10 में अ.जा मुक्त, वार्ड 11 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 12 में अनारक्षित महिला, वार्ड 13 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 14 में अनारिक्षत महिला और वार्ड 15 में अनारक्षित मुक्त है।

**नगर पंचायत सहसपुर लोहारा**-नगर पंचायत सहसपुर लोहारा के वार्ड 01 में अनारक्षित महिला, वार्ड 02 में अनारक्षित महिला, वार्ड 03 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 04 में अ.जा. मुक्त, वार्ड 05 में अ.जा. मुक्त, वार्ड 06 में अ.पि.वर्ग मुक्त, वार्ड 07 में अ.ज.जा. मुक्त, वार्ड 08 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 09 में अनारक्षित महिला, वार्ड 10 में अ.जा महिला, वार्ड 11 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 12 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 13 में अ.पि.वर्ग मुक्त, वार्ड 14 में अ.पि.वग. महिला और वार्ड 15 में अनारक्षित मुक्त है।

**नगर पंचायत पंडातराई**-नगर पंचायत पंडातराई के वार्ड 01 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 02 में अनारक्षित महिला, वार्ड 03 में अ.पि.वर्ग मुक्त, वार्ड 04 में अ.जा. मुक्त, वार्ड 05 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 06 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 07 में अनारक्षित महिला, वार्ड 08 में अ.पि.वर्ग मुक्त, वार्ड 09 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 10 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 11 में अ.पि.वग. महिला, वार्ड 12 में अ.पि.वर्ग मुक्त, वार्ड 13 में अनारक्षित महिला, वार्ड 14 में अ.जा. महिला और वार्ड 15 में अ.जा. मुक्त है।

**नगर पंचायत बोड़ला**-नगर पंचायत बोड़ला के वार्ड 01 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 02 में अनारक्षित महिला, वार्ड 03 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 04 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 05 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 06 में अ.जा. मुक्त, वार्ड 07 में अ.पि.वर्ग मुक्त, वार्ड 08 में अ.पि.वर्ग महिला, वार्ड 09 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 10 में अ.ज.जा मुक्त, वार्ड 11 में अ.जा महिला, वार्ड 12 में अ.ज.जा मुक्त, वार्ड 13 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 14 में अनारक्षित महिला और वार्ड 15 में अ.ज.जा महिला है।

**नगर पंचायत इंदौरी**-नगर पंचायत इंदौरी के वार्ड 01 में आरक्षण अनारक्षित मुक्त, वार्ड 02 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 03 में अनारक्षित महिला, वार्ड 04 में अनारक्षित महिला, वार्ड 05 में अ.ज.जा मुक्त, वार्ड 06 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 07 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 08 में अनारक्षित महिला, वार्ड 09 में अ.जा महिला, वार्ड 10 में अ.जा मुक्त, वार्ड 11 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 12 में अ.जा मुक्त, वार्ड 13 में अ.जा मुक्त, वार्ड 14 में अ.जा मुक्त और वार्ड 15 में अ.जा. महिला है।

## एक नजर

### घर में आग लगी,लाखों का नुकसान



**भिलाई, 20 दिसंबर।** भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र के कृष्णा नगर धनवंतरि स्कूल के पीछे रहने वाले हीरामन साव और रूबी साव के घर पर गुरुवार को अचानक आग लग गई घर में घरेलू सामान के साथ ही पांच लाख रुपये नकद और सोने के जेवर थे आग लगने से वे भी उसकी चपेट में आ गए। आग की चपेट में नोटों के जले हुए अवशेष तो मिले हैं, लेकिन सोने के जेवर का पता नहीं चल सका है आशंका जताई जा रही है कि आग की चपेट में आने से जेवर गल गए होंगे जानकारी के अनुसार हीरामन साव और रूबी साव अपने तीन बच्चों के साथ कृष्णा नगर धनवंतरि स्कूल के पीछे रहते हैं। गुरुवार को दोपहर में वे लोग अपने एक परिचित के यहां आयोजित शांति भोज में गए थे इसी दौरान घर में आग लग गई घर से धुआं उठता देख पड़ोसियों ने उन्हें जानकारी दी और सभी ने मिलकर आग पर काबू भी पाया। दो महीने बाद हीरामन व रूबी के बेटे राहुल साव की शादी होने वाली है जिसके लिए उन्होंने जेवर और रुपये घर पर रखे थे हीरामन और रूबी का पूरा परिवार सब्जी बेचने काम करता है सब्जी के धंधे से उन्होंने कुछ रुपये जमा किए थे और उनसे ही जेवर भी बनवाए थे वहीं हाल ही में एक लाख 20 हजार रुपये का लोन लिया था उन रुपयों को मिलाकर कुल पांच लाख रुपये नकद घर पर रखे थे जो कि आग की चपेट में आ गए अभी तक घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है आशंका जताई जा रही है कि शार्ट सर्किट के चलते ये घटना हुई है ।

### तीन सूने मकानों में चोरी

**भिलाई, 20 दिसंबर।** दुर्ग जिले के तीन सूने मकानों में चोरी की घटनाएं हुई हैं अज्ञात आरोपित ने मकानों के ताले तोड़कर सोने चांदी के जेवर और नकदी रुपये चोरी कर लिए घटनाओं की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी कर उनकी पतासाजी शुरू की है पुलिस ने बताया कि उतई थाना क्षेत्र में उमरपोटी निवासी शिकायतकर्ता सोहद्रा बाई और उसके घर पर किराये पर रहने वाली सुमन दास के यहां चोरियां हुई हैं शिकायतकर्ता की किरायेदार पांच दिसंबर को अपने गांव उत्तर प्रदेश गई हुई थी वहीं शिकायतकर्ता भी सात दिसंबर को अपने घर पर ताला लगाकर अपनी मां के घर जेवरा सिरसा चली गई थी। इसी दौरान किसी अज्ञात आरोपित ने शिकायतकर्ता और उसके किरायेदार के घरों के ताले तोड़कर सोने चांदी के जेवर और कुछ नकदी चोरी कर लिया चोरी गए सामानों की कुल कीमत करीब 80 हजार रुपये आंकी गई है दूसरी घटना अमलेश्वर के कृष्णापुरी कालोनी की है। शिकायतकर्ता शरद यादव 17 दिसंबर को अपने परिवार के साथ दोपहर में अपने घर पर ताला लगाकर अपने छोटे भाई विष्णु यादव के यहां रायपुर गया था। वहां से वे लोग रात करीब 10 बजे रात वापस लौटे तो उन्हें दरवाजे का ताला टूटा मिला।

### नाबालिग ने कटर से हमला किया

**भिलाई, 20 दिसंबर।** भिलाई खुर्सीपार के बालाजी नगर में बुधवार की रात को एक अपचारी बालक ने एक किशोर पर कटर से जानलेवा हमला कर दिया पीड़ित की मां की शिकायत पर खुर्सीपार पुलिस ने अपचारी बालक के खिलाफ हत्या का प्रयास की धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि नेपाली मोहल्ला बालाजी नगर खुर्सीपार निवासी कंचन देवी ने अपने बेटे मन्नू उर्फ विकास पर हुए जानलेवा हमले की शिकायत थाने में की है।

### बच्चों के लिए विंटर कार्निवाल का आयोजन 25 से

**भिलाई, 20 दिसंबर।** अंतर्राष्ट्रीय संस्था प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय संपूर्ण विश्व में विगत 88 वर्षों से अनवरत मानवीय मूल्यों, नैतिक एवं आध्यात्मिकता के समावेश द्वारा सभी वर्गों की निस्वार्थ सेवाएं कर रही है। इसी कड़ी में सेक्टर 7 स्थित अंतर्दिशा भवन के पीस ऑडिटोरियम में राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के शिक्षा प्रभाग द्वारा प्रथम बार 5 दिवसीय विंटर कार्निवाल का आयोजन बुधवार 25 से 29 दिसंबर तक क्लास 5 से क्लास 8 तक के विद्यार्थियों के लिए निशुल्क रहेगा।जिसका समय प्रातः 9ः30 से प्रातः 11ः30 बजे तक रहेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस विंटर कार्निवाल में बच्चों को आंतरिक शक्ति के लिए प्रतिदिन मेडिटेशन का अभ्यास, फन एंड वैल्यू गेम्स, एकाग्रता के वृद्धि हेतु एक्टिविटी,वर्कशॉप मुख्य रहेंगे।

### अरविंदो राष्ट्रीय महिला पाठचक्र सम्मेलन का आयोजन 21-22 को

**भिलाई, 20 दिसंबर।** श्री अरविंदो योग साधना केंद्र द्वारा आयोजित तृतीय श्री अरबिंदो राष्ट्रीय महिला पाठचक्र सम्मेलन 21 और 22 दिसंबर को प्रातः 10 बजे महात्मा गाँधी कला मंदिर सिविक सेन्टर में आयोजित किया जायेगा। मुख्य सत्र में डॉ श्यामा कनुंगो, डॉ सम्पदानंद मिश्रा, डॉ अपर्णा राय, अदीति बहन, गौतम भाई एवं डॉ विभा वैष्णव द्वारा महिला सशक्तिकरण पर महत्वपूर्ण चर्चाएँ होंगी। सम्मेलन में प्रमुख मुख्य अतिथि के रूप में (अध्यक्ष-भिलाई महिला समाज) श्रीमती त्रिपर्णा दासगुप्ता उपस्थित रहेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती नीरजा कुमारी सिंह, श्रीमती प्राणोती मुखोपाध्याय, श्रीमती मौली चक्रवर्ती और श्रीमती मीरा पण्डा शामिल होंगी। द्वितीय दिन सम्मेलन के मुख्य अतिथि के रूप में सांसद विजय बघेल उपस्थित रहेंगे।

### नंदिनी माइंस चिकित्सालय में मिशन लक्ष्मी का शुभारंभ

**भिलाई, 20 दिसंबर।** सेक्टर-9 स्थित, पंडित जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र द्वारा सीएसआर विभाग के सहयोग से मिशन लक्ष्मी का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कौशलेन्द्र ठाकुर द्वारा नंदिनी माइंस चिकित्सालय में किया गया। महाप्रबंधक सुधाकर जामुलकर ने जेएलएन अस्पताल की मेडिकल व सीएसआर टीम की इस पहल पर हर्ष व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने की अनुसंशा की।

## कूकदूर थाना क्षेत्र के वनांचल ग्राम दीवान पटपर में पुलिस अधीक्षक ने बैगा बच्चों के साथ खेला क्रिकेट मैच

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 20 दिसंबर।** कबीरधाम जिले के पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह (छ्वक्क) ने कूकदूर थाना अंतर्गत वनांचल ग्राम दीवान पटपर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बैगा बच्चों के साथ क्रिकेट खेलकर उनका उत्साहवर्धन किया और खेल के माध्यम से एकजुटता, अनुशासन और टीम भावना का महत्वपूर्ण संदेश दिया। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने खेल समाप्त होने के बाद खिलाड़ियों को ?1000 की नगद राशि देकर सम्मानित किया। यह सम्मान बच्चों के लिए प्रेरणादायक साबित हुआ और उनके प्रयासों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चों से संवाद करते हुए शिक्षा और खेल के महत्व पर जोर दिया। धर्मेंद्र सिंह ने बैगा बच्चों से उनकी पढ़ाई के विषय में चर्चा की और उन्हें बताया कि शिक्षा ही जीवन में सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने बच्चों को मेहनत और समर्पण के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी। साथ ही, यदि वे किसी भी प्रकार की शिक्षा से संबंधित समस्या का सामना कर रहे हों, तो उसे हल करने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। दौरे के दौरान पुलिस अधीक्षक ने ग्रामीणों से भी मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने ग्रामीणों से शांति और सामुदायिक सद्भाव बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल कानून व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि समाज में सुरक्षा, विश्वास और जागरूकता फैलाना भी है। पुलिस अधीक्षक के इस सकारात्मक और प्रेरणादायक प्रयास को स्थानीय ग्रामीणों ने सराहा। उन्होंने इसे पुलिस और समुदाय के बीच विश्वास और संवाद स्थापित करने का एक प्रभावी कदम बताया। यह दौरा न केवल सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में सहायक सिद्ध हो रहा है, बल्कि बैगा बच्चों को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करने का भी एक बेहतरीन उदाहरण है।

## आरक्षण प्रकिया पूरी प्रकिया होने के बाद वार्ड पार्षद के दावेदारों की चर्चा शुरू



**कवर्धा, 20 दिसंबर।** कवर्धा नगर पालिका में वार्ड 24 से बीजेपी से मधु तिवारी और हाई प्रोफाइल वार्ड में बीजेपी से श्रीकांत उपाध्याय , सौरभ शर्मा , दुर्गेश अवस्थी और कांग्रेस से दीपक ठाकुर , वार्ड 20 से बीजेपी से अनिल शाहू और वार्ड 26 से सुनील साहू ओर वार्ड 6 में कांग्रेस से जमील खान और कई दावेदारों की चर्चा शुरू हो गई है लेकिन वार्ड 3 ओर वार्ड 23 , वार्ड 16 में नए चेहरे की तलाश शुरू हो गई है जिसकी सुगबुगाहट होती हुई कार्यकर्ताओं और लोगों में दिखी ।

## नोटिस का असर नहीं, वाहन समेत भवन निर्माण सामग्री जब्त



**रिसाली,20 दिसंबर।** सड़क किनारे भवन निर्माण सामाग्री को बिना अनुमति एकत्र करने पर कार्रवाई की। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा के निर्देश पर वैभव ट्रेडर्स से ईट, रेत व गिट्टी को जब्त किया। सरिया व ऐंगल से बने झूला को स्वतः हटाने मोहलत दी गई। बिना अनुमति सड़क किनारे बिक्री के लिए भंडारण कर रखे ईट, रेत और गिट्टी को जब्त किया गया। भवन निर्माण सामाग्री सड़क पर फैलने की वजह से दुर्घटना की संभावना बढ़ गई थी। बार-बार चेतावनी का असर नहीं होने पर निगम के राजस्व विभाग प्रभारी मंगल कुर्रे के नेतृत्व में टीम ने जब्ती कार्रवाई की। इस दौरान मौके पर नेवई पुलिस भी मौजूद थी। कार्रवाई में विवेक रंगनाथ, विनोद शुक्ला, टिकेन्द्र वर्मा आदि उपस्थित थे। वैभव ट्रेडर्स ने सड़क के बीचो बीच 10 चक्का मेटाडोर खड़ी कर रखा था। इसके अलावा रेत व गिट्टी अनलोड करने के लिए छोटा जेसीबी भी बेतरतीब तरीके से रखा हुआ था। वाहन को हटाने जब अधिकारियों ने दबाव बनाया तो वैभव ट्रेडर्स का संचालक बहस करने लगा। इसे देख अधिकारियों ने वाहन को नेवई थाना परिसर में खड़ी कराया। सड़क किनारे भवन निर्माण सामाग्री रखने की शिकायत नागरिक लगातार कर रहे है। शिकायत का निराकरण करते निगम के अधिकारियों ने नोटिस भी जारी किया गया। नोटिस का असर नहीं होने पर निगम ने कार्रवाई की।

## आश्रय स्थलों पर ठहरे लोगों से मिले आयुक्त और मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली



**भिलाई, 20 दिसंबर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में अलग-अलग जगहो पर आश्रय संचालित किया जा रहा है। यहां पर बाहर से आए हुए यात्री, विद्यार्थी, काम करने वाले मजदूर, राजनीतिक व्यक्ति आदि को ठहरने की सुविधा दी जाती है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने सभी आश्रय स्थलों पर पहुंचकर, बाहर से आए हुए व्यक्तियों से मिले और उनको प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त किए। यह भी पूछे कि उनको किसी प्रकार की समस्या तो नहीं हो रही है। यदि किसी को ठहरने की मूलभूत सुविधा की आवश्यकता हो तो उसे शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिए। आयुक्त पाण्डेय ने अधिकारियो को निर्देशित किया कि जो भी बाहर से आए हुए व्यक्ति हैं उनको शासन के नियमानुसार मकान आबंटन की सुविधा दी जा सकती हो तो उन्हें मकान दिलाया जाए। आश्रय स्थलों के कमरे, दवारजा, खिड़की, पानी, बिजली, सोने के बिस्तर, शौचालय एवं साफ-सफाई का जायजा लिए और वहां के देखरेख करने वाले कर्मचारियो को निर्देशित किए कि समय पर आएं एवं नियमित साफ-सफाई करवाते रहें। किसी प्रकार की समस्या होने पर उसका शीघ्र निराकरण करें। आश्रय स्थलों पर ठहरे हुए लोगों से आयुक्त ने पास बैठकर चर्चा की, उनकी पढ़ाई, कला आदि को पूछा। कुछ बुजुर्गजनों ने आयुक्त को गाना गाकर भी सुनाया, गाना सुनकर आयुक्त बहुत ही प्रसन्न हुए। कुछ आश्रय स्थलो में जो असुविधा थी, उसे शीघ्र दूर करने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित किए। साथ ही यह भी कहा कि शासन की यह महत्वपूर्ण योजना है, इसका पालन करना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान नेता प्रतिपक्ष भोज राज सिन्हा, जोन आयुक्त अजय कुमार सिंह, सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, शशिभूषण मोहंती, राष्ट्रीय अजीविका मिशन के मिशन मैनेजर अमन पटले आदि उपस्थित रहे।

## जनता के प्रति रहें जवाबदेह यही अटल बिहारी वाजपेयी के प्रति होगी सच्ची श्रद्धांजलि:आयुक्त



**भिलाई, 20 दिसंबर।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की याद में सुशासन सप्ताह 19 से 25 दिसम्बर तक मनाया जा रहा है। इसी के संदर्भ में अटल विचार संगोष्ठी का आयोजन निगम सभागार में आयोजित की गई। जिसमें अटल बिहारी वाजपेयी की कविताएँ उनके विचार, अटल इरादे, विश्व हित, देश हित, समाज हित में किये गये कार्यों को याद किया गया। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने उनको याद करते हुए बताया कि उन्हें बचपन में उनके भाषण, उनके विचारों को सुनने का अवसर मिला। इतने अच्छे राष्ट्र हित में हाजिर जवाबी प्रखर वक्ता जिसका पक्ष-विपक्ष सभी दलों द्वारा सम्मान किया जाता हो, ऐसे विरले लोग ही होते हैं। सुशासन सप्ताह का सही अर्थ यह होगा कि निगम के अधिकारी/कर्मचारी अपने दायित्वों का सुगमता से निर्वहन करें। जनता के प्रति जवाबदेह रहें, सबसे प्रेम और सम्मान पूर्वक बातें करें। अपने कार्यो को समय पर पूर्ण करें। हम यह बात सोचें कि हमें जो वेतन मिल रहा है, उसी से हमारा घर चल रहा है। उसके प्रति दिल में जवाबदेही होना चाहिए। निगम वह जगह है, जहां जन्म प्रमाण पत्र से लेकर मृत्यु प्रमाण पत्र तक जारी किया जाता है। जनता से जुड़े सभी कार्यो को हमे करना चाहिए। संगोष्ठी के दौरान विचार रखने वाले कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह द्वारा स्व रचित अटल बिहारी वाजपेयी पर कविता सुनाई गई। उनमेश साहू ने अटलजी की कविता हार नहीं मानूंगा- रार नहीं ठानूंगा को सुनाये। शरद दुबे ने अटल बिहारी की याद में उनके विचारों का मनन किये कि अटलजी किस प्रकार से अपने इरादे में अटल रहते थे, कविताओं के शब्द बहुत ही प्रेरणादायक होते थे एवं निर्णय लेने में उसका अनुसरण करना चाहिए। जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी पहले व्यक्ति थे, जो संयुक्त राष्ट्र संघ में जाकर हिन्दी में भाषण दिये थे, छ.ग. राज्य के निर्माता अटल ही है। अंत में आयुक्त पाण्डेय ने सभी को अटल विचार संगोष्ठी सुशासन सप्ताह के अवसर पर शपथ दिलाई । संगोष्ठी में उपस्थित अधिकारी मुख्य अभियंता भागीरथ वर्मा, अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, डी.के.वर्मा, जोन आयुक्त अजय कुमार सिंह, येशा लहरे, सतीश यादव, कुलदीप गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, लेखाधिकारी चंद्रकांत साहू सहित जोन के स्वास्थ्य अधिकारी, यूनियन के पदाधिकारी, सहायक राजस्व अधिकारी, सभी विभाग के प्रमुख अधिकारी कर्मचारी एवं आम नागरिक सहभागी बने।

### मंदिर परिसर में लगेगा पेवर ब्लॉक



**रिसाली।** नगर पालिक निगम रिसाली के वार्ड 3 रूआबांधा दक्षिण स्थित शिव मंदिर में पेवर ब्लॉक लगाया जाएगा। इसके लिए महापौर शशि सिन्हा ने अपने निधि से 2 लाख रुपए स्वीकृत की है। बृहस्पतिवार को महापौर शशि सिन्हा मंदिर परिसर पहुँची। पूजा अर्चना कीं। पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य आरंभ करने नारियल तोड़ा गया। इस अवसर पर एमआईसी सद्स्य ममता यादव, वार्ड पार्षद सारिका साहू समेत नागरिकगण उपस्थित थे।

## स्वर्ण चंपा, गुलमोहर, तिकुनिया के साथ प्लेट मिल में 20 पौधों का रोपण




भिलाई, 20 दिसंबर। पर्यावरण जागरूकता माह के अंतर्गत लोगों को पर्यावरण के संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से भिलाई इस्पात संयंत्र के प्लेट मिल विभाग में 18 दिसम्बर को वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता तथा अन्य मुख्य महाप्रबंधक व महाप्रबंधक गणों द्वारा अशोक, आम, स्वर्ण चंपा, गुलमोहर, तिकुनिया के 20 पौधों का रोपण किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन मुख्य महाप्रबंधक कार्तिकेय बेहेरा के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक तुलाराम बेहेरा, मुख्य महाप्रबंधक एस के घोषाल, मुख्य महाप्रबंधक राहुल श्रीवास्तव, मुख्य महाप्रबंधक इन्द्रजीत सेनगुप्ता, महाप्रबंधक प्रभारी सुश्री उमा कटोच, महाप्रबंधक भास्कर रॉय, महाप्रबंधक संजय त्रिपाठी, महाप्रबंधक एस के वर्मा, महाप्रबंधक अमित पारिख, महाप्रबंधक देबब्रत रॉय, महाप्रबंधक सी श्रीनिवास सेशु तथा चंद्रेश झा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### बैडमिंटन स्पर्धा में भाग लेने चयन स्पर्धा आयोजित

**भिलाई, 20 दिसंबर।** दुर्गापुर इस्पात संयंत्र द्वारा 15 से 18 जनवरी 2025 तक दुर्गापुर में सेल कर्मचारी (पुरुष एवं महिला) बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये इंडोर स्टेडियम, सिविक सेंटर में दिनांक 26 से 28 दिसम्बर तक संध्या 6 बजे से बीएसपी टीम के गठन हेतु चयन स्पर्धा आयोजित की गयी है।

## संपादकीय

# कांग्रेस खुद एक्सपोज होती जा रही है

कहते हैं कि किसी के बुरे दिन आते हैं, उससे न होने वाला गलतियां होने लगती है, बुरे दिन का पता इस बात से भी लगता है जब न होने वाली गलतियां होने लगती है। होती है गलती लेकिन राजनीतिक दल उसे गलती नहीं मानता है, वह सोचता है कि उसने विरोधी को परेशान कर दिया है, विरोधी से बढ़त ले ली है। राजनीतिक दल ऐसे मुद्दे उठाने लगता है जिससे सामने वाले को बोलने का ज्यादा मौका मिलता है और उसके पास बोलने को कुछ नहीं रहता है, बोलने को हो भी उसके पास अच्छा बोलने वाले वक्ता ही नहीं होते हैं। यही हाल इन दिनों कांग्रेस का है। वह गलती कर रही है, वह खुद को निरंतर एक्सपोज कर रही है, लेकिन वह मान नहीं रही है कि उससे गलती हो रही है, वह मान रही है कि उसने भाजपा को निरुत्तर कर दिया है, उसने भाजपा को घेर लिया है, उसने भाजपा को परेशान कर दिया है। कांग्रेस का पूरा इतिहास संविधान और संविधान निर्माता बाबा साहेब के अपमान से भरा हुआ है। यह सच तो पूरा देश जानता है इसलिए हो नहीं सकता कि कांग्रेस नेता व राहुल गांधी यह सच न जानते हों।ऐसे में संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर संसंद का स्पेशल सत्र बुलाने का मतलब ही यह था कि कांग्रेस की शामत आने वाली है। क्योंकि भाजपा के पास तो संविधान के अपमान को लेकर कांग्रेस के बहुत सारे उदाहरण हैं लेकिन कांग्रेस के पास संविधान के सम्मान के उदाहरण बहुत ही कम होंगे। हुआ भी यहीं भाजपा की तरफ से पीएम मोदी से लेकर भाजपा के तमाम नेताओं ने कांग्रेस के उन तमाम उदाहरणों को देश के सामने रख दिया जिससे पता चलता है कि कांग्रेस ने देश के संविधान का कितना अपमान किया है, कैसा अपमान किया है, कब कब अपमान किया है। संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर अमित शाह ने राज्यसभा में बची खुची कसर पूरी कर दी। राज्यसभा में कांग्रेस ने किस तरह संविधान व संविधान निर्माता बाबा साहेब का अपमान किया, अमित शाह ने एक एक कर गिना दिया। अमित शाह ने बताया कि आजादी के पहले और आजादी के बाद तक कांग्रेस ने कब कब बाबा साहेब का अपमान किया, इसका एक एक उदाहरण विस्तार से दिया, 90 मिनट में शाह ने कांग्रेस को पूरी तरह एक्सपोज कर दिया कि कांग्रेस ने ही देश में सबसे ज्यादा अपमान बाबा साहेब किया है। देश में कौन नहीं जानता है कि जब देश का पहला मंत्रिमंडल बन रहा था तो पं. नेहरू ने मंत्रियों की जो पहली सूची बनाई थी उसमें बाबा साहेब का नाम नहीं था, पं. नेहरू सूची लेकर महात्मा गांधी के पास गए तो महात्मा गांधी ने पूछा इसमें अंबेडकर का नाम क्यों नहीं है, तो पं. नेहरू ने कहा कि जगजीवन राम का नाम है ने। यानी पं. नेहरू बाबा साहेब से जगजीवन राम को ज्यादा योग्य समझते थे। महात्मा गांधी के कहने पर पं. नेहरू ने बाबा साहेब का नाम मंत्रियों की सूची में जोड़ा था, यह बाबा साहेब का पहला अपमान था, इसके बाद बाबा साहेब को छोटा विभाग दिया गया, उनको काम नहीं करने दिया गया तो उन्होंने मंत्रिपरिषद से इस्तीफा दे दिया था । कोई भी मंत्री जब इस्तीफा देता है तो उसको लोकसभा में बोलने का मौका दिया जाता है, बाबा साहेब को ऐसा मौका नहीं दिया गया और उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस कर अपने इस्तीफा देने का कारण बताया था। बाबा साहेब चुनाव लड़कर लोकसभा जाना चाहते थे ताकि वह देश दलित लोगों की आवाज उठा सकें। लेकिन कांग्रेस ने उनको चुनाव में हराने की साजिश की और हरा दिया। दूसरी बार जब बाबा साहेब उपचुनाव लड़ रहे थे खुद पं. नेहरू ने उनके खिलाफ प्रचार किया था और हरवा दिया था। यानी कांग्रेस नहीं चाहती थी बाबा साहेब लोकसभा पहुंचे।इसके बाद कांग्रेस ने बाबा साहेब का सम्मान नहीं करती थी, इसलिए न तो उनको कांग्रेस ने भारत रत्न दिया और न ही उनके लिए देश में कहीं स्मारक बनवाया। कांग्रेस ने गांधी परिवार और उनके करीबी लोगों को भारत रत्न के लायक समझा लेकिन बाबा साहेब को कभी भारत रत्न सम्मान के लायक नहीं समझा। देश में गैर कांग्रेसी सरकार बनी तो बाबा साहेब को भारत रत्न सम्मान दिया जा सका। मोदी सरकार के आने के बाद बाबा साहेब के नाम पर पंच तीर्थ का निर्माण किया गया, उसमें जहां जहां से बाबा साहेब की यादें जुड़ी हुई है, उन स्थलों को तीर्थ के रूप में विकसित किया गया। यह मोदी सरकार का बाबा साहेब का बहुत बड़ा सम्मान है क्योंकि देश में किसी नेता के स्मारक को तीर्थ का दर्जा नहीं दिया गया है सिर्फ बाबा साहेब से जुड़े स्थलों को पंच तीर्थ कहा जाता है। देश का कोई पीएम बाबा साहेब के जन्म स्थान नहीं गया लेकिन पीएम मोदी पहले ऐसे पीएम हैं जो बाबा साहेब के जन्म स्थल गए और उनका पूरा सम्मान किया। कांग्रेस जब तक सत्ता में रही बाबा साहेब का अपमान करती रही, उनकी उपेक्षा करती रही। आज उसके बुरे दिन चल रहे हैं, दलित उसको वोट नहीं दे रहे हैं तो वह खुद को बाबा साहेब का सम्मान करनेवाली बताने का प्रयास कर रही है और भाजपा को बाबा साहेब का अपमान करने वाला बताने के लिए छल कपट का सहारा भी ले रही है। पीएम मोदी ने सही कहा है कि कांग्रेस के मुंह झूठ का खून लग गया है, वह बार बार झूठ का सहारा लेकर भाजपा को हराने का प्रयास कर रही है। लोकसभा चुनाव में उसने झूठ कहा कि भाजपा आरक्षण व संविधान समाप्त कर देगी। तब भी अमित शाह का एक फेक वीडियो कांग्रेस ने जारी कर बताया था अमित शाह आरक्षण विरोधी है, वह आरक्षण समाप्त करना चाहते हैं। इस बार भी अमित शाह के 90 मिनट के राज्यसभा में दिए भाषण में से कुछ सेकंड का वीडियो जारी कर देश के लोगों बताने का प्रयास कर रही है कि अमित शाह ने बाबा साहेब का अपमान किया है। जबकि हकीकत यह है कि अमित शाह ने बाबा साहेब का कोई अपमान नहीं किया है। उन्होंने ने अपने 90 मिनट के भाषण में बताया है कि कांग्रेस ने अपने समय में सत्ता में रहने पर बाबा साहेब का कितना अपमान किया है। भाजपा नेताओं ने देश का बताया कि कांग्रेस नेताओं ने संविधान का कितना अपमान किया है और अमित शाह ने बताया कि कांग्रेस ने बाबा साहेब का कितना अपमान किया है।

राजनीति

ललित गर्ग

# निस्तेज विपक्ष देश को कब तक अंधेरों में धकेलेगा ?



विपक्ष बात-बात पर तू-तू, मैं-मैं करते हुए बात का बतंगड़ बनाकर देश का भारी नुकसान कर रहा है। संसद को चलने नहीं दे रहा है, आधे-अधूरे बयान के हिस्से को प्रचारित कर घटिया एवं सस्ती राजनीति करते हुए देश को गुमराह कर रही है। बेबुनियाद एवं भ्रामक मुद्दों को उछाल कैसे गुल खिलाये, कैसे देश को अंधेरों में धकेला जाये, इसी फिराक में कांग्रेस एवं समूचा विपक्ष दिनरात लगा है, इसका प्रमाण है गत दिवस संसद में गृह मंत्री अमित शाह के डा. आंबेडकर को लेकर दिए गए बयान पर विपक्ष का हंगामा, तीखी नोकझोंक एवं होहल्ला। इस हंगामे का आधार यह है कि गृह मंत्री ने यह कह कर आंबेडकरजी का अपमान कर दिया कि यदि आंबेडकर, आंबेडकर करने वाले इतना नाम भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। मुश्किल यह है कि हंगामा करने वाले यह स्पष्ट नहीं कर पा रहे हैं कि आखिर ऐसा कहने से आंबेडकरजी का अपमान कैसे हो गया? विडम्बना देखिये कि आजादी के बाद से अब तक आंबेडकर का अपमान करने, तिरस्कार करने एवं उनकी उपेक्षा करने वाला दल एकाएक उनका इतना हिमायती कैसे हो गया? यह सारा हंगामा विपक्ष इसलिये कर रहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी ने आंबेकडर को शीर्ष राष्ट्रनायकों में शुमार कर किया है और उनकी नीतियों, सिद्धान्तों एवं मूल्यों को राजनीति का अहम हिस्सा बनाया है। विपक्ष डरा हुआ है कि भाजपा आंबेडकर को आजादी के बाद प्रधानमंत्री वी.पी. सिंह के बाद उचित स्थान देकर दलित समुदाय के हितों की वास्तविक चिन्ता की है, जिससे दलित वोट भाजपा के पक्ष में जाता हुआ दिख रहा है। इसलिये शाह के बयान को तोड़-मरोड एवं आधा-अधूरा प्रस्तुत कर बेवजह का हंगामा करने पर तुले विपक्ष एवं उनके नेताओं ने जो एवं जैसे तर्क दिए हैं, वे विचित्र ही नहीं, हास्यास्पद भी हैं।



बाबा साहेब आंबेडकर पर घडियाली आंसू बहाने वाला विपक्ष एवं विशेषतः कांग्रेस यह भूल रही है कि आंबेडकर का सर्वाधिक अपमान एवं उपेक्षा इन्हीं दलों ने की है। पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू आंबेडकर को पसन्द नहीं करते थे। क्योंकि आंबेडकर मुस्लिम तुष्टिकरण की कांग्रेस नीति से नाखुश थे। उनका मत था कि धर्म के आधार पर देश का विभाजन हुआ है, अतः सभी मुस्लिम को भारत छोड़ देना चाहिए? गांधी और नेहरू ने इस विचारधारा का विरोध किया? गांधी तो विरोध में भूख हड़ताल पर बैठ गए? बाबा साहेब ने गांधी से समझौता कर संविधान को मुस्लिम के अनुसार ड्राफ्ट कर दिया? फिर भी नेहरू बाबा साहेब के विरुद्ध लगातार लगे रहे। यहां तक आंबेडकर के चुनाव लड़ने पर नेहरू ने उनके खिलाफ कांग्रेस प्रत्याशी खड़ा कर उन्हें हरवा दिया? विडम्बना देखिये कि आंबेडकर के सचिव नारायण सदोबा काजरोलकर को उनके खिलाफ खड़ा कर दिया। कांग्रेस ने न केवल दो बार उन्हें चुनाव में हराया बल्कि केन्द्र सरकार में उनकी घोर उपेक्षा लगातार जारी रखी। इसी से नाराज होकर आंबेडकर ने मंत्री पद से इस्तिफा देते हुए नेहरू पर गंभीर आरोप लगाये। इतना ही नहीं आंबेडकर ने स्वयं के बनाये संविधान को जला देने की बात भी इसलिये कही थी कि संविधान का संचालन गलत हाथों में है।

इतिहास की इन त्रासद एवं विसंगतिपूर्ण स्थितियों के बावजूद आखिर कांग्रेस किस आधार पर आंबेडकर की तस्वीरें लेकर संसद परिसर में विरोध कर रही है। अपने आरोप को पुष्ट करने के लिए विपक्ष और विशेष रूप से कांग्रेस नेता गृह मंत्री के बयान के एक हिस्से को तो प्रचारित कर रहे हैं, लेकिन उसके शेष हिस्से को सुनने के लिए तैयार नहीं, जिसमें उन्होंने कहा था कि डा. आंबेडकर का नाम लेने वालों ने किस तरह उनके विचारों के खिलाफ काम किया और उन्हें अपमानित करने में भी संकोच नहीं किया। लगता है कांग्रेस को यही नागवार गुजरा और इसी कारण वह संसद के भीतर-बाहर इस मामले को तूल देने में जुट गई। इसे तूल देने के लिए उसके नेताओं की ओर से संसद के दोनों सदनों में आज भी हंगामा बरपाया कि दोनों दलों के सांसदों के बीच मकर द्वार पर धक्कामुक्की में भाजपा सांसद प्रताप सारंगी के सिर में चोट देखी गई। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल सांसद ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने एक सांसद को धक्का दिया, जो मेरे ऊपर गिरे। आरोप पर जवाब देते हुए राहुल ने कहा कि हां! ऐसा हुआ। वे हमें प्रवेश द्वार पर रोकने की कोशिश रहे थे। ये तर्क एवं त्रासद स्थितियां संसदीय गरिमा को धुंधलाने वाली है। कांग्रेस के तर्कों का स्तर न केवल राजनीतिक विमर्श का गिराने वाला ही नहीं, बल्कि यह बताने वाले भी हैं कि नेतागण किस तरह तिल का ताड़ बनाने में माहिर हो गए हैं। कांग्रेस भाजपा के बारे में तथ्यहीन एवं भ्रामक अफवाहें फैला रही है। कांग्रेस नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह तक गरीब और बेरोजगारी का गीत गाते रहे हैं, लेकिन उनके शासनकाल में न तो गरीब खत्म हुए और न बेरोजगारी? नीयत में खोट और अनुभवहीनता का जब सत्ता प्राप्ति के संदर्भ में समन्वय हो जाता है, तो ऐसी हास्यास्पद स्थितियां निर्मित हो जाती हैं। भारत की राजनीति में इस समय यही स्थिति बन गई है।

राजनीतिक बहस का स्तर इतना छिछलादार, स्तरहीन एवं बेबुनियाद नहीं होना चाहिए। झूठ को जोर-जोर से चिल्लाकर कहने से वह सच नहीं हो जाता। यह अच्छा हुआ कि गृह मंत्री ने अपने बयान पर कोई सफाई देने के बजाय दो टूक यह कहना उचित समझा कि उनके पूरे वक्तव्य को सुना जाए। वैसे यह तय है कि विपक्षी नेता ऐसा नहीं करने वाले, क्योंकि उन्हें यही साबित करना है कि आंबेडकरजी का अपमान हो गया, संविधान खतरे में आ गया इसलिये गृहमंत्री को अपने पद से इस्तिफा दे देना चाहिए। आखिर इसे मूर्खतापूर्ण राजनीति न कहा जाए तो क्या कहा जाए? इस पर हैरानी नहीं कि राहुल गांधी को फिर से यह नजर आने लगा कि मोदी सरकार संविधान बदलने जा रही है। कांग्रेस नेता गृह मंत्री के बयान को लेकर आसमान सिर पर उठाने के लिए स्वतंत्र हैं, लेकिन वे इस सच को नहीं छिपा सकते कि उनके शासनकाल में डा. आंबेडकर की किस तरह उपेक्षा और अनदेखी की गई। इसका सबसे बड़ा प्रमाण तो यही है कि जहां जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी को तो उनके जीवनकाल में ही भारत रत्न से सम्मानित कर दिया गया, लेकिन आंबेडकरजी को यह सम्मान दशकों बाद 1990 में मिल सका। यहां तक संसद के केन्द्रीय कक्ष में मोतीलाल नेहरू, जवाहरलाल नेहरू एवं इन्दिरा गांधी की तस्वीरें तभी लग गयी लेकिन आंबेडकर की तस्वीर वी.पी. सिंह ने प्रधानमंत्री रहते लगायी गयी। क्या कांग्रेस बता सकेगी कि ऐसा क्यों हुआ? क्यों आंबेडकर की लगातार उपेक्षा होती रही?

डा. आंबेडकर ने 25 नवंबर, 1949 के अपने ऐतिहासिक भाषण में यह कहा था कि संविधान कितना अच्छा होगा, यह आगे चलकर उसे चलाने वालें सत्ता नेतृत्व की मानसिकता एवं नीयत पर निर्भर करेगा। 1975-77 में यह शब्दशः सत्य सिद्ध हुआ, जब पद पर बने रहने की लालसा ने संविधान के साथ अत्याचार करते हुए आपातकाल लागू किया गया, जिसे इतिहास भूलेगा नहीं। लेकिन आज जो संविधान बचाने का शोर सुनाई दे रहा है और जिसकी प्रति संसद से संभल तक लहराई जा रही है, वह देश का ध्यान भटकाने की कोशिश मात्र है, जनता को गुमराह करने की कुचेष्टा मात्र है। निश्चित ही यह दयनीय, विडम्बनापूर्ण एवं त्रासद है कि सत्ता पाने के लिए व्याकुल लोगों की व्यग्रता अब घातक उग्रता के रूप में प्रकट हो रही है। संसद के कार्य संचालन में जैसे व्यवधान डाले जा रहे हैं, वे न तो भारत के संविधान के प्रति कोई आदरभाव प्रकट करते हैं, न ही आंबेडकर के प्रति कोई श्रद्धा प्रकट करते हैं। आज हमारे विपक्ष के पास एक भी ऐसा नेता नहीं है जो इस स्थिति से देश को बाहर निकाल सके, राष्ट्रीय चरित्र को जीवित रखने का भरोसा दिला सके। प्रश्न है कि निराश करने वाला विपक्ष देश को कब तक अंधेरों में धकेलता रहेगा?

## आज का राशिफल

मेष राशि-आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आप वर्किंग प्लेस पर खूब मेहनत करेंगे, अपनी उपलब्धियों पर गर्व महसूस होगा। इस राशि के वकीलों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा, नए क्लाइंट के साथ मीटिंग होगी। अगर आप अपने बच्चों के लिए शादी का रिश्ता ढूंढ रहे है, तो आज आपको अच्छा रिश्ता मिलेगा। किसी खास व्यक्ति की मुलाकात से आपको फायदा होगा।

वृष राशि-आज आपका दिन बढि?ा रहेगा। आज पैसो से रिलेटेड सारी परेशानियों का हल जल्दी ही निकल आयेगा। किसी खास रिश्तेदार के घर आगमन से खुशियों का माहौल बनेगा। आज मेहनत का परिणाम आपके फेवर में होगा, बस आप मेहनत पर कंसन्ट्रेट करें। आज आप किसी बात को लेकर नेतृत्व करेंगे जिसमें अन्य लोगों का भी सहयोग रहेगा। आज दाम्पत्य जीवन में आपसी तालमेल बढ़ेगा।

मिथुन राशि-आज आपका दिन रोज की अपेक्षा ज्यादा लाभ देने वाला रहेगा। आज अपने बेटे के अच्छे करियर के लिए आपको अपना निवास स्थान चेंज करना पड़ सकता है। नए स्थान पर आपका बिजनेस ज्यादा ग्रो करेगा और आपके बेटे का करियर भी अच्छा बनेगा। इस राशि के कांट्रेक्टर के लिए आज का दिन धन लाभ देने वाला है। आज कामकाज से जुड़ी चुनौती आपके सामने आयेगी, लेकिन आप उस चुनौती को तुरंत ही पार कर लेंगे।

कर्क राशि-आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। बिजनेस को दूर दराज तक फैलाने के लिए आज आप अपने सहयोगियों के साथ मीटिंग करेंगे, जिससे बिजनेस को आगे बढ़ाने में आ रही परेशानियाँ दूर होंगी। किसी मेहमान के घर पर आने से बच्चों में उत्साह दिखेगा। परिवार के साथ किसी मंदिर जाकर कुछ देर जनसेवा का कार्य करेंगे, जिससे परिवार वाले प्रसन्न दिखेंगे। बुजुर्गों के साथ समय बिताएं, इससे उनका मन खुशहाल रहेगा।

सिंह राशि-आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। किसी नए बिजनेस में इन्वेस्ट करने के लिए आप एक्सपर्ट की सलाह लेंगे। परिवार में चल रही अनबन आज समाप्त होगी, जिससे परिवार से आपको सपोर्ट मिलेगा। आज किसी बड़े मामले पर समझौता करने और सहयोग करने के लिए तैयार रहें । शुरू किए गए ज्यादातर काम पूरे हो सकते हैं ।

कन्या राशि-आज आपका दिन आपके फेवर में रहेगा। इस राशि के जो लोग मार्बल्स के बिजनेस से जुड़े है, उनके लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। राजनीति से जुड़े लोग अपना रुतबा कायम रखेंगे। किसी समारोह का आयोजन होगा, जिनमे उनकी सहभागिता रहेगी। अपने खानपान की लिस्ट में ताजे फलों और हरी सब्जियों को ङ्क्षस्त्र करें, जिससे आपका स्वास्थ्य बेहतर बना रहेगा।

तुला राशि-आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहेगा। आप अपने करियर में नया आयाम स्थापित करने में सफल रहेंगे। परिवार में चल रही अनबन को लेकर आप सबके साथ विचार विमर्श करेंगे, शाम तक सब सही हो जायेगा। इस राशि के लवमेट अपने रिश्ते को लेकर सीरियस होंगे, घर पर बात करने का मन बनायेंगे। बिजनेस में सफलता प्राप्त करने के लिए आपको अधिक मेहनत करनी पड़ेगी।

वृश्चिक राशि-आज आपका दिन लकी रहेगा। हाउसिंग प्रोजक्ट पर काम करने वाले लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आप नया वाहन लेने से पहले अपने परिवार वालों से विचार करेंगे। परिवार में खुशियों का माहौल बना रहेगा। किसी को उधार दिया हुआ पैसा आज आपको वापिस मिल जायेगा, जिससे आपका बैंक बैलेंस मजबूत बनेगा। आज आपके करियर में कुछ बदलाव हो सकते हैं जिससे आपका जीवन बेहतर बनेगा।

धनु राशि-आज आपका दिन नया बदलाव लेकर आयेगा। बड़ी बेटी का सिलेक्शन किसी अच्छी जॉब में हो जाने पर घर में खुशियों का माहौल रहेगा। घर की सजावट के लिए आपको जिम्मेदारी दी जा सकती है। ऑफिस में आपके काम करने के तरीके को देखकर आपके विरोधी आपकी हेल्प मांगेंगे। सब लोग आपके द्वारा किये गये कार्यों की तारीफ करेंगे। बिजनेस में अच्छा लाभ कमाने के लिए आप नई-नई तकनीक अपनाएंगे।

मकर राशि-आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है । आज बिजनेस वर्ग के लोगों के लिए दिन शुभ हैं । धन लाभ होने के आसार नजर आ रहे हैं । साझेदारी करना आज आपके लिये फायदेमंद रहेगा । जमीन से जुड़ा किसी प्रकार का मामला आज सुलझ जायेगा । आज ऑफिस में नई पहल करने के लिये दिन अच्छा है । लाभ होने की सम्भावना बन रही है ।

कुंभ राशि-आज का दिन आपके लिये अच्छा रहने वाला है । आज आपके काम में आत्मविश्वास की झलक दिखाई देगी । आज आप दूसरों को बातों से अपनी ओर आकर्षित कर लेंगे । रूका हुआ काम अपनों की मदद से पूरा हो जायेगा। इस राशि के छात्रों को आज प्रतियोगी परिक्षा से संबंधी शुभ समाचार मिलने वाला है, जिसे सुनकर आपके चेहरे खिल उठेंगे। खेलकूद से जुड़े लोगों को सफलता के मौके मिलेंगे। पारिवारिक जीवन में खुशियाँ बरकरार रहेगी। आज किसी तरह की कागजी कार्रवाही में आपको सावधानी बरतनी चाहिए।

मीन राशि-आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपके धन-धान्य में वृद्धि होगी। दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग आज कैंसिल हो सकती है। आपको आज फिजूल की बातों में पड? से बचना चाहिए। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। माइग्रेन की समस्या के लिए आज आप किसी अच्छे डॉक्टर से मिलकर सलाह ले सकते है, आराम मिलेगा।

# फर्जी नागरिक की खोज में सरकारी चमत्कार

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'



एक दिन प्रधानमंत्री कार्यालय में अचानक एक अजीबोगरीब कॉल आया। किसी अजनबी ने फोन किया और कहा, प्रधानमंत्री जी, एक बड़ी समस्या आन पड़ी है, हमें तुरंत किसी राहत कार्य की योजना बनानी होगी।

प्रधानमंत्री जी ने बड़े आराम से जवाब दिया, क्या समस्या है?

कॉल करने वाले ने कहा, हमारे देश के नागरिकों में से एक सजग नागरिक नाम का व्यक्ति लापता हो गया है। यह वही सजग नागरिक है, जो हमेशा सरकार की योजनाओं के बारे में हर जानकारी रखता था और हर कदम पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराता था।




प्रधानमंत्री जी ने चाय की चुस्की ली और मुस्कराते हुए कहा, अरे तो क्या हुआ? सजग नागरिक हैं तो कहां जाएंगे? वे तो सरकार के बिना काम नहीं कर सकते, यह तो तय है।

कॉल करने वाला थोड़ा और घबराया और बोला, लेकिन प्रधानमंत्री जी, इसका नाम किसी फाइल में नहीं आ रहा, न ही किसी सरकारी डेटाबेस में। यह व्यक्ति हमेशा हमारे डिजिटल इंडिया और स्मार्ट सिटी के प्रोडक्ट्स का प्रमोशन करता था। अब यह नहीं मिल रहा। लगता है ये कोई खिचड़ी पका रहा है। प्रधानमंत्री जी ने एक और चाय की चुस्की ली, फिर अपने सेक्रेटरी को बुलाया और बोले, चलो, इस मामले को संभालो। यह शायद सरकारी योजनाओं के खिलाफ जा रहा होगा। तुम लोग उसे खोजो, और अगर ढूंढने में मुश्किल हो, तो एक नई योजना निकाल दो।

कुछ ही घंटों में एक न्यूज रिपोर्ट आईः ङ्कसजग नागरिक की खोज में सरकार ने एक नई योजना शुरू की है - सजग नागरिक पुनः रजिस्ट्रेशन योजना। इस योजना के तहत हर सजग नागरिक को अपने पूरी डेटा के साथ रजिस्टर कराना होगा, ताकि सरकार को किसी भी समय उसका डेटा मिल सके और सरकार उसे कभी न खो सके।

अब यह योजना शुरू हो गई, और कुछ ही दिनों में, पूरे देश में सजग नागरिकों की लंबी लिस्ट बन गई। लेकिन यह लिस्ट देखकर सरकार को कुछ और ही खटका। उन्होंने पाया कि किसी भी सजग नागरिक ने अपनी नौकरी की जानकारी नहीं दी थी, न ही उन्होंने अपनी आयकर विवरणी दी थी। सभी सिर्फ योजनाओं के प्रचार में व्यस्त थे।

प्रधानमंत्री जी को यह देख कर बड़ा संतोष हुआ, और उन्होंने एक राहत की सांस ली, देखो, हमने कितना काम किया है, इस देश में सजग नागरिकों की पूरी लिस्ट तैयार कर दी है। अब कोई भी फर्जी नागरिक हमसे बचकर नहीं जा सकता। सभी को अपना योगदान करना होगा। तभी एक और कॉल आया। यह एक कर्मचारी का था, जिसने प्रधानमंत्री को बताया, सर, हमने सजग नागरिक का पता लगा लिया है। वह किसी सरकारी दफ्तर में नहीं, बल्कि एक कैफे में बैठा था और वहां लैपटॉप पर अपनी नई योजना बना रहा था - दस आसान तरीकों से फर्जी नागरिक कैसे बनें।

प्रधानमंत्री जी का चेहरा उतर गया। यह तो बहुत बुरा हुआ,ङ्क उन्होंने कहा। एक नागरिक जो केवल योजनाओं की बात करता था, अब खुद एक नई योजना बना रहा है! अब उसे ढूंढने के लिए एक और योजना शुरू करनी होगी।

अगले दिन, एक और योजना लाई गई - फर्जी नागरिक पहचान योजना। इसके तहत, हर नागरिक को एक प्रमाणीकरण प्रक्रिया से गुजरना था, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई फर्जी नागरिक ना हो। और यह सब डिजिटल इंडिया के तहत हुआ। अब हर व्यक्ति को अपना ऑल-इंडिया रेटेड सर्टिफिकेट्स में अपनी पहचान दर्ज करानी थी। इस योजना को लागू करने के बाद, सरकार ने खुद को सफल बताया, अब कोई फर्जी नागरिक नहीं बच पाएगा। हमने उन्हें डिजिटल सर्टिफिकेट्स से टैग कर दिया है। हर नागरिक को अपनी जानकारी अपडेट रखना होगा, या फिर उसे अपने घर की पहचान का भी अपडेट देना होगा।

## विश्लेषण

# कैसे चलेगा देश जब मची हो चिल्लम - चिल्ली ?

सूर्यकांत मिश्रा





संसद के मकर द्वार पर मचा देश व्यापी हो - हल्ला क्यों और किस दिशा पर ले जाने वाला सिद्ध होगा , यह गंभीर जांच प्रक्रिया का विषय माना जा सकता है । सवाल यह उठता है कि आखिर देश को चलाने वाले राजनीति के कर्णधार वर्तमान पीढ़ी को क्या सीख देना चाहते हैं ? कभी संविधान को लेकर तो कभी संविधान को रचने वाले को लेकर बवाल खड़ा करना कहां तक उचित है ? कोई संविधान को डायरी का रूप देकर मखौल उड़ाता है तो कोई बार - बार किए गए संशोधन पर प्रश्न चिन्ह लगाता है ! आखिर देश को विधिमान्य तरीके से चलाने का दिशा - निर्देश समेटे भारतीय संविधान कब तक वोट की राजनीति से सना दिखाई पड़ता रहेगा ? इन सारे मुद्दों पर शायद संसद में बैठे हुए लोग चिंतन करने की जरूरत नहीं समझ रहे हैं ! देश की जागरूक जनता को ही यह समझना होगा कि देश हित में क्या होना चाहिए और उसके लिए किस तरह की सरकार चुनी जानी चाहिए । अब तो लोग इंसान को भगवान का दर्जा देने की परंपरा को लेकर विकास की गाथा लिखने का प्रयास करने लगे हैं ! न तो यह पहले संभव था और न ही भविष्य में हो पाएगा ! बड़े - बड़े न्यूज चैनल पर जब पूरा विश्व इस तरह के दृश्यों को देखता है तो यह सोचने विवश हो उठता है - क्या यही वह भारत है जो संस्कृति और परंपरा के साथ भाई - चारे का गुणगान करता फिरता है ?

भारतीय राजनीति का एक और काला अध्याय 19 दिसंबर को संसद के द्वार पर राजनीतिकारों ने लिख डाला ! विगत तीन - चार दिनों से गृह मंत्री के उदबोधन के उपरांत संविधान निमार्ता के मान - सम्मान को दृष्टिगत कर सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने - सामने , तना - तनी की स्थिति में दिखाई पड़ता रहा है । गुरुवार को पूर्वाह्न स्थिति कुछ ऐसी बिगड़ी कि मेरी नजरों के सामने तो बे - वजह पैदा होने वाले विवाद के दृश्य चलचित्र की भांति चलने लगे । कौन किसकी बे - इज्जती करना चाहता है और कौन किसे सिर - आंखों पर बैठाना चाहता है , इसे भी देश की जनता बखूबी समझ रही है । सत्ता पक्ष के लोग यह आरोप लगा रहे हैं कि विपक्ष के प्रमुख नेता ने मकर द्वार पर महिला जन - प्रतिनिधि के साथ बद - सलूकी की , जबकि दूसरी ओर विपक्ष का वही नेता अपनी सफाई में यह कहता फिर रहा है कि उसके साथ धक्का - मुक्की की गई ! वास्तविकता चाहे जो भी हो पूरे विश्व ने भारतीय संसद की चौखट पर लोकतंत्र को तार - तार होते देखा ! इस प्रकार के अमानवीय दृश्य ने देश की राजनीति के भीतर छिपे स्वार्थ को ही जग - जाहिर किया है । अपने - अपने दावों को पुख्ता बताने वालों ने यह भी नहीं सोचा कि देश की अंतर्राष्ट्रीय ख्याति इस तरह की चिल्लम - चिल्ली से किस कदर कराह उठेगी ?

संसद की डेहरी पर मचे बवाल ने देश सहित पूरे विश्व को यह दिखाने से भी परहेज नहीं किया कि बच्चों की तरह लड़ने - झगड़ने से किसका सिर फूटा और किसे अस्पताल की शरण लेनी पड़ी । इतना ही नहीं खुद को दूध का धुला बताते हुए एक - दूसरे पर दोषारोपण भी कम नहीं किए गए । प्रमुख विपक्षी दल के नेता राहुल गांधी पर हत्या के प्रयास सहित आधा दर्जन आपराधिक धाराओं के तहत मामला भी थाने में दर्ज करा दिया गया ! कौन दोषी है और कौन नहीं ? अब यह देश की जनता नहीं बल्कि कोर्ट में बैठे न्यायाधीश तय करेंगे ! इतना जरूर है कि संसद की चहार - दिवारी पर एक महिला सांसद का अपमान के बाद रुदन स्वर कहीं न कहीं बद - मिजाजी की कहानी जरूर कह रहा है । संविधान की 75 वर्षीय गौरवशाली यात्रा पर संसद में बोल रहे गृह मंत्री अमित शाह के कथन संविधान रचयिता को किस तरह से अपमानित करने वाले लगे इसे भी कोर्ट में सिद्ध करने की जरूरत होगी । जहां तक विवाद को राजनीति से जोड़कर देखा जाए तो एक जागरूक नागरिक और मतदाता इसे वोट की राजनीति से कम नहीं मानता है । आज संविधान और संविधान निमार्ता को लेकर हो - हल्ला मचाने वालों को अपने पूर्ववर्ती बर्ताव पर भी नजर घुमाने की जरूरत महसूस करनी होगी । पानी पर लकीर खींचने की असफल कोशिश कहीं बे - वजह के विवाद के कारण अस्तित्वहीन ही न कर दे , इस पर भी विचार किया जाना चाहिए ।

मेरी नजरों से देखूं तो मुझे कहीं भी विवादित तथ्य दिखाई नहीं पड़ रहा है । फिर भी यदि किसी के वक्तव्य से किसी को दर्द हुआ हो तो उसके मरहमी इलाज को ढूंढा जाना चाहिए था । यह नहीं कि समाधान के बजाए नया दर्द परोसने की कोशिश की जाए ! बात तो यह भी कही जा रही है कि गृह मंत्री के वक्तव्य से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए यह मुद्दा खड़ा किया गया है !

शायद यह ऐसे स्थान में सटीक होता जहां लोग पढ़े - लिखे न हों अथवा गंभीरता को न समझते हों ! जिस स्थान पर दोनों विवाद पैदा हुए हैं वहां पर उपस्थित लोग देश की जनता के सजग प्रहरी माने जा सकते हैं , तब यह कहना कि मुद्दे से ध्यान हटाने के लिए नया विवाद पैदा किया जा रहा है , कहीं न कहीं बचकानी हरकत से कम नहीं है । आंखों पर पॉवर वाला चश्मा पहनने के बाद जब मैने कुछ समझने का प्रयास किया तो मुझे एक अलग ही दृश्य दिखाई पड़ा । राजनीति की शतरंज पर मोहरों की जगह 52 पत्ती ताश के नजारों ने मुझे अपनी ओर आकर्षित किया । मैं बड़ी आसानी के साथ देख पा रहा था कि एक ओर ताश के पत्तों के एक्का, बादशाह दिखाई पड़ रहे थे तो दूसरी ओर बेगम और जोकर के साथ गुलामों की पूरी फौज तैयार खड़ी थी ! एक बुजुर्ग को वजीर की तरह पेश कर ऐसी तस्वीर बनाई जा रही है जो बार - बार सह और मात से जूझता दिखाई पड़ रहा है । अंत उसी तरह सामने दिखाई पड़ रहा है जिस तरह हमने सुन रखा है - बकरे की अम्मा कब तक खैर मनाएगी ।

## एक नजर

### आवासीय विद्यालय के कक्षा 9 वी में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**सुकमा, 20 दिसंबर।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रदेश के अधिसूचित क्षेत्रों, आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल पीड़ित एवं प्रभावित क्षेत्रों में स्थित शालाओं में अध्ययनरत् प्रतिभावान विद्यार्थियों को कक्षा 9 वी से 12 वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रयास आवासीय विद्यालय चलाए जा रहे हैं। इन विद्यालयों में स्कूली शिक्षा के साथ साथ के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए क्लैट तथा एनडीए की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने हेतु नियमित तैयारी कराई जाती है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए राज्य में प्रयास आवासीय विद्यालय स्थापित किये गये हैं। वर्ष 2025-26 में इन विद्यालयों के कक्षा 9 वी में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गये हैं। इच्छुक प्रतिभागी वेबसाइट द्धह्लह्लश्चह्य-//द्गद्मद्यड्ड14ड्ड.ष्द्द.ठ्ठश्व.द्बठ्ठ का अवलोकन कर आनलाईन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अतिम तिथि 20 जनवरी 2025 रात्रि 12 बजे तक तक निर्धारित की गई है। ऑनलाईन आवेदन में 21 जनवरी से 27 जनवरी 2024 तक त्रुटि सुधार की व्यवस्था की गई है। विस्तृत जानकारी हेतु अधिकारिक वेबसाईट एवं जिले के सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

### कांग्रेसियों ने गृह मंत्री अमित शाह का पुतला फूंका,देश से माफी मांगें या इस्तीफा दें



**सुकमा, 20 दिसंबर।** जिले के बस स्टैंड परिसर पर कांग्रेसियों ने नारे बाजी करते हुए केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राज्य सभा में बाबा सहाब अंबेडकर को अपमान जनक टिप्पणी से नाराज़ कांग्रेसियों ने पुलिस को चकमा देकर गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया है.कोंटा विधायक कवासी लखमा एवं उच्च स्तरीय आदेश से गृहमंत्री अमित शाह का पुतला फूंका गया है।नगर पालिका परिषद अध्यक्ष जगन्नाथ साहू ने कहा कि केन्द्रीय मंत्री राष्ट्र से माफी मांगे डॉ भीम राव अंबेडकर के विषय मे कोई भी ऐसी टिप्पणी करे, तो वह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम इस घटना की निंदा करते हैं और अपेक्षा करते हैं कि केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह अपनी टिप्पणी पर खेद व्यक्त करते हुए राष्ट्र से माफी मांगे नहीं तो अपने गृहमंत्री पद से अमित शाह इस्तीफा देने की मांग करते हैं।

### मेंढका डोबरा मंदिर परिसर में परिणय सूत्र में बंधे 220 जोड़े

**दंतेवाड़ा, 20 दिसंबर ।** मुख्यालय के मेंढका डोबरा मंदिर परिसर में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनान्तर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जिलेभर के 220 वर वधु परिणय सूत्र में बंध गए। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने नव दंपतियों को भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने अपने शुभकामना संबोधन में कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार गांव, गरीब और किसानों के हित में अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। इन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित होकर निर्धन परिवारों को विकास की ओर अग्रसर होने का अवसर मिल रहा है। दंतेवाड़ा जिले के दूरस्थ क्षेत्र में यह सामूहिक कन्या विवाह में आज 220 जोड़े दाम्पत्य सूत्र में बंधकर गृहस्थ जीवन में कदम रख रहे हैं। यह सब राज्य सरकार की मुख्यमंत्री कन्यादान योजना से फलीभूत हुआ है, जो सरकार की गरीब परिवारों की सेवा करने की कटिबद्धता को दर्शाता है। इसके अलावा महिला बाल विकास विभाग के मैदानी कर्मचारी भी बधाई के पात्र है जिन्होंने विभिन्न ग्रामों पारा, टोले, मोहल्लों से विवाह योग्य युवक युवतियों का पंजीयन कर सामूहिक विवाह से लाभान्वित किया।

### महिला प्रोफेसर ठगी का शिकार

**भिलाई, 20 दिसंबर।** भिलाई एक कॉलेज की महिला प्रोफेसर साइबर ठगी की शिकार हो गई ठग ने उनकी मैक्स लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी का 40 प्रतिशत कमीशन एजेंट को न देकर उनके खाते में ट्रांसफर कराने का झांसा दिया दो बार में 75 हजार रुपए जमाकर कराकर ठग लिया इसकी शिकायत प्रोफेसर ने डायल-1930 पर की है सीसीटीएनएस प्रभारी डॉ. संकल्प राय ने बताया कि एक महिला प्रोफेसर अपनी शिकायत लेकर दफ्तर में आई। उन्होंने बताया कि मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी का 16 हजार रुपए वार्षिक प्लान लिया है 17 अक्टूबर को पहली बार एक अनजान व्यक्ति जिसने अपना नाम आदर्श अग्रवाल बताया था, उसने कॉल किया उसने खुद को कंपनी का अधिकारी बताया और कहा कि आपकी पॉलिसी का 40 फीसदी कमीशन एजेंट को जाएगा और इसका सॉल्यूशन बताते हुए कहा कि खुद को एजेंट बनना होगा पॉलिसी की डिटेल ठग के पास कैसे पहुंची महिला प्रोफेसर ने बताया कि ठग के पास उनके पॉलिसी का पूरा डिटेल था इस वजह से उस पर भरोसा कर लिया और कोड जनरेट करने के लिए 41 हजार 300 रुपए की पॉलिसी कराई तब ठग ने बोला कि आप खुद एजेंट बन गई हैं, इसलिए 40 प्रतिशत कमीशन उन्हीं को मिलेगा फ्रेंचाइजी हेड बताया। इसके बाद उसने रजिस्ट्रेशन फीस के रूप में 5 लाख 90 हजार रुपए जमा करने के लिए कहा। सौरभ ने अपने पिताजी के बैंक खातों से ऑनलाइन 5 लाख रुपए आरोपियों के बताए खाते में ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद अगले दिन 90 हजार रुपए और नेट बैंकिंग के माध्यम से उनके बताए बैंक खाते में जमा किए इसके बाद आरोपियों ने फिर सिक्योरिटी डिपाजिट के रूप में 20 लाख रुपए की मांग की। इस पर सौरभ ने मिलने के बाद ही रकम देने का आश्वासन दिया इसके बाद ठगों ने. 20 लाख देने पर ही बात करने की जानकारी देते हुए अपना मोबाइल नंबर बंद कर दिया इससे सौरभ को ऑनलाइन ठगी का अहसास हुआ उन्होंने आमानाका थाने में इसकी शिकायत की पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है महिला एजेंट बनने के लिए कोड जनरेट करना होगा कोड तब जनरेट होगा जब दूसरी पॉलिसी लेंगी दूसरी बार 35 हजार रुपए ठगी महिला प्रोफेसर ने बताया कि एक महीने इंतजार के बाद पॉलिसी के दस्तावेज नहीं मिले तब गूगल में कंपनी का कस्टमर केयर नंबर पर बात की। तो मुकेश कुमार ने फोन उठाया और आदर्श अग्रवाल के किसी भी व्यक्ति के वहां काम नहीं करने की बात कही जिसके बाद उसने भी कोड लेने की बात की और महिला प्रोफेसर ने फिर 35 हजार की पॉलिसी ली उसने 15 दिनों में पॉलिसी के दस्तावेज भिजवा दिए उसने बताया कि 15 दिन बाद कोर्ड जनरेट होगा इसके बाद खुद एजेंट बन जाएंगी पर ऐसा हुआ नहीं तब साइबर ठगी का अहसास हुआ।

# 14 सूत्रीय मांगों को लेकर जनता जोगी कांग्रेस ने किया एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बचेली, 20 दिसंबर।** दंतेवाड़ा जिले में लगातार जनता जोगी कांग्रेस आदिवासी एवं स्थानिय लोगो के हित की लड़ाई लड़ रहीं हैं आप को बता दें कि जनता जोगी कांग्रेस के सभांग अध्यक्ष नवनीत चांद और संभाग के प्रभारी टांकेश्वर भारद्वाज के द्वरा कांग्रेस सरकार और बीजेपी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि दोनों सरकार बस्तर और बैलाडीला के आदिवासी समुदाय और गरीब परिवार के लोगो के हित से खिलवाड़ कर रही है पूर्व कांग्रेस की सरकार द्वरा ग्रमीणों की गोबर का पैसा गमन किया गया है अब बीजेपी की सरकार बस्तर और दंतेवाड़ा जिले के आदिवासी समुदाय की रोजगार खाने में लगी है जनता कांग्रेस ने एक दिवसीय धरना के माध्यम से 14 सूत्रीय मांग रखी गई है कि एन एम डी सी किरिन्दुल में मलबा बाढ़ से प्रभावित मृतक परिवार को 1 करोड़ मुआबजा दिया जाए( 2 ) एन एम डी सी लेवर सफ्लाई के मजदूरों सुरक्षा उपकरण दिया जाए (3)बैलाडीला क्षेत्र के निवासियों को एन एम डी सी किरिन्दुल बचेली अपोलो अस्पताल में मुफ्त इलाज किया जाए (4)नगरपालिका कर्मचारियों को नियमितीकरण और समान कार्य समान वेतन दिया जाए (5) महिला स्वसहायता समूहों को सरकार की और से 10 लाख से 50 लाख तक कि सहायता प्रदान करे (6) नगरपालिका क्षेत्र में रहने वाले निवासियों को कब्जा आधारित जगह का पट्टा प्रदान करे कई और मुद्दों को लेकर जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के पदाधिकारी द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया है जिसमे जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में एकदिवसीय धरना दिया गया जिसमें संभाग से नवनीत चांद एवं टनकेश्वर भारद्वाज एवं बस्तर संभाग के महामंत्री रामनाथ नेगी श्रीमती बेला तेलाम महिला मोर्चा अध्यक्ष एवं मजदूर यूनियन अध्यक्ष बैलाडीला लखमा कोराम सचिव कुरसोराम मौर्य और बड़ी संख्या में पदाधिकारी की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न कराया गया जिसमें प्रदेश संगठन महामंत्री सौरव झा भी उपस्थित थे

# धान खरीदी केन्द्रों में व्यवस्था,किसानों की समस्याओं के निराकरण को लेकर कांग्रेस ने किया धरना-प्रदर्शन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर, 20 दिसंबर।** नरहरपुर ब्लाक कांग्रेस कमेटी एव ब्लाक किसान कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में नगर के बस स्टैंड अमोडा मार्ग नरहरपुर में एक दिवसीय राज्य सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया गया जिसमें मुख्य मांग जिसमे धान खरीदी केंद्रों में बारदाने की कमी,टोकन कटवाने के लिए लेम्प्सो का चक्कर लगाना, कर्मचारियों के हड़ताल से धान खरीदी केंद्रों में किसानों का धान नही लिया जा रहा है किसानों का धान खरीदी गई जिसका एक मुश्त राशि खाते में नहीं डालने से किसान परेशान हो रहे है धरना प्रदर्शन एव किसानों से विभिन्न समस्याओं से चर्चा उपरांत सभा को किसान नेताओ एव कांग्रेस के वरिष्ठ जनो ने सभा को संबोधित किया तथा सभा स्थल बस स्टैंड से विशाल जुलूस निकालकर तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया जिसमें मुख्य रूप से नितिन पोटाई,सरजू राम शोरी,कौशिल्या शोरी,तरेंद्र भंडारी,रोहिदास शोरी, प्यारी सलाम,संतराम मरकाम, हलाल नेताम,टकेश्वर सिन्हा, मोती साहू,कमलेश कुमार कोमरा,मुकेश कुमार रजक, नीलू कलिहारी,फैजल मेमन,मृत्युंजय साहू,रोमनलाल सोनबेर,जगदीश कुमार ध्रुव,योगेश कुमार राजपूत, गणेश कोडोपी,दिनेश कुमार पटेल,चिमन मरकाम,गंगाराम कोडोपी,सुखराम शोरी,मनीराम सिन्हा,विधानसभा उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस निशांत साहूएव क्षेत्र के किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### रिटर्निंग ऑफिसर के रूप में अधिकारियों को सौंपे गए दायित्व

**दंतेवाड़ा, 20 दिसंबर ।** कार्यालयीन आदेश क्रमांक,352, स्था. निर्वा.,न.पा.आ.नि., 2024 दन्तेवाड़ा, दिनांक 06 दिसंबर 2024 में आंशिक संशोधन करते हुए छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1994 के नियम 13 एवं 14 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग में लाते हुए जिले में स्थित नगरीय निकाय के आम निर्वाचन 2024-25 के लिए श्री मयंक चतुर्वेदी (आईएएस) कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (नगर पालिका) जिला-दक्षिण बस्तर, दंतेवाड़ा द्वारा अधिकारियों को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के रूप में उल्लेखित क्षेत्र के अन्तर्गत निर्वहन के लिए नियुक्त किया गया है।

# एनएमडीसी डीएवी आईटीआई भांसी में तीन दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता शुरू





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बचेली, 20 दिसंबर।** पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अति आवश्यक है इसे ही ध्यान में रखते हुए एनएमडीसी डीएवी आईटीआई भान्सी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तीन दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक - 19/12/2024 से 21/12/2024 तक किया गया है द्य इस वार्षिक खेल प्रतियोगिता के उद्घाटन हेतु मुख्य अतिथि के रूप में माननीय श्री के बंसोड़ , उपमहाप्रबंधक (सिविल), एनएमडीसी बचेली काम्प्लेक्स तथा विशेष अतिथि के रूप में श्री एम. तिरुपति राव, उपमहाप्रबंधक (कार्मिक) एनएमडीसी बचेली काम्प्लेक्स सम्मिलित हुए द्य वार्षिक खेल प्रतियोगिता के कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के द्वारा फीता काटकर किया गया द्य विशेष अतिथि श्री एम. तिरुपति राव ने संस्थान को ऐसे आयोजनों के लिए बधाई दी एवं शिक्षा के साथ खेलो को भी आवश्यक बताया द्य मुख्य अतिथि के बंसोड़ ने सभी खिलाडियों को खेल भावना के साथ सभी खेलो को खेलने का निर्देश दिया । उन्होंने कहा की शरीर को स्वस्थ रखने में खेलो का अहम योगदान है तथा उन्होंने सभी खिलाडियों को टीम वर्क से खेलो में विजय प्राप्त करने का मन्त्र दिया द्य संस्थान के प्राचार्य श्री कमलेश साहू ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए सभी को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया तथा सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया । तत्पश्चात एक के बाद एक विभिन्न खेलो जैसे - रस्सा कशी , बैडमिंटन, वॉलीबॉल, क्रिकेट, गोला फ़ेंक, कबड्डी, 100 मीटर दौड़, शतरंज और कैरम आदि में खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और आईटीआई के सभी स्टाफ के द्वारा इन खेलो के आयोजन को सफल बनाने में भरपूर योगदान दिया गया । सभी खेलो का छात्रों एवं दर्शक-गणों के द्वारा आज के खेलो का भरपूर आनंद उठाया गया । इन खेलो का आयोजन आगामी तीन दिनों तक जारी रहेगा।

# कोंटा महाविद्यालय में सुशासन दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा,20 दिसंबर। शासकीय नवीन महाविद्यालय कोंटा में सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सुशासन दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत गुरूवार को छत्तीसगढ़ शासन एवं आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार महाविद्यालय में सुशासन पर संगोष्ठी, सुशासन पर स्लोगन प्रतियोगिता, सरकार के वर्तमान में संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम एवं लोगों के जागरूकता के लिये सुशासन दिवस रैली का आयोजन किया गया। संस्था के प्राचार्य प्रो. डी सुरेश बाबु ने संगोष्ठी के अंतर्गत प्रतियोगियों को संबोधित करते हुए कहा कि सुशासन का अभिप्राय शासन के द्वारा नागरिकों एवं क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की परिकल्पना को साकार करना होता है। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का संचालन प्रो. शशिकांत ध्रुवे, प्रो. दुष्यंत कुमार एवं संगीता एन्त्रल ने किया। इसके अंतर्गत वर्तमान में संचालित महतारी वंदन योजना, कृषक उन्नति योजना, शक्तिपीठ योजना, पीएम श्री योजना, रामलला दर्शन योजना, नियद नेल्लानार योजना, श्रमिक पेंशन योजना, जैसे योजनाओं से संबंधित प्रश्न पूछे गए जिससे आमजन लाभान्वित हो रहे हैं। इस अवसर पर अतिथि व्याख्यातागण मुकेश कुमारपटेल, रोहित कुमार जांगड़े, वेणु वर्मा, कमलेश निषाद, बालकदास, अमित मंडल, चांदनी मरकाम, रोहिणी चौरे एवं सभी संकाय के विद्यार्थीगण एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वंयसेवक उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं रिव्यू समिति की बैठक आयोजित

**महासमुंद।** बैंकों के कामकाज से संबंधित जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं रिव्यू समिति की बैठक आज कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित हुई। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक, रिजर्व बैंक के प्रतिनिधि सुशील सहाने, जिला अग्रणी बैंक मैनेजर अभय पारे एवं जिले के अन्य बैंकों के प्रतिनिधि मौजूद थे।कलेक्टर लंगेह ने सभी हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत शत-प्रतिशत लाभ दिलाने और विभागीय समन्वय पर विशेष जोर दिया।

# आईसीडीएस के अधिकारी और बाबू भ्रष्टाचार में लिप्त:तूलिका

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 20 दिसंबर।** माँझीपदर दंतेवाड़ा निवासी महिला एक महिला ने जिला महिला व बाल विकास विभाग में पदस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों पर अवैध वसूली करने और वित्तीय अनियमितता करने का गंभीर आरोप लगाया है। इस आशय की लिखित शिकायत कलेक्टर दंतेवाड़ा से की है।महिला की शिकायत का पत्र सोशल मीडिया में भी तेजी से वायरल हो रहा है। इस मामले को काफी गंभीर बताते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष तूलिका कर्मा ने कलेक्टर से निष्पक्ष जांच की मांग की है। महिला का जो पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है उसमें लिखा है कि वरूण नागेश, जिला कार्यक्रम अधिकारी, संतोष झा, सहायक ग्रेड 02 एवं श्रीमती मनीषा ठाकुर, संरक्षण अधिकारी, नवा बिहान



महिला एवं महिला एवं बाल विकास विभाग दन्तेवाड़ा के द्वारा अवैध वसूली की जाती है। वरूण नागेश, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग दन्तेवाड़ा के द्वारा विभागीय टेंडर प्रक्रिया के सत्यापनकर्ता में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को नियमतः समिति में शामिल करना चाहिए, लेकिन इसके विपरीत महिला बाल विकास में पदस्थ संतोष झा, सहायक ग्रेड 02 के द्वारा श्रीमती मनीषा ठाकुर, संरक्षण अधिकारी, नवा बिहान को रखा जाता है क्योकि वह भी इनके द्वारा जहां सिग्नेचर करवाना चाहते है, उनके द्वारा कर सिग्नेचर कर दिया जाता है। उसके एवजं में उनके द्वारा कुछ रकम लिया जाता है । फरियादी महिला ने अपनी शिकायत में यह भी कहा कि जिले के समस्त स्कूलों में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का कार्यक्रम करवाया जाता है, किंतु महिला व बाल विकास विभाग के द्वारा शासन द्वारा प्रदाय बजट को स्कूल के बच्चों में खर्च नही किया जाता है और फर्जी बिल लगाकर बजट आहरण किया जाता है। इसकी पुष्टि समस्त स्कूलों से की जा सकती है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत वर-वधुओं को घटिया क्वालिटी के बिछिया व समस्त सामग्री वितरण किया गया था, उसमें भौतिक सत्यापनकर्ता अधिकारियों के द्वारा भी राशि में कटौती किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था किंतु वरूण नागेश, जिला कार्यक्रम अधिकारी, संतोष झा द्वारा अपने कमीशन के लिए मोटी रकम निकाला गया है। महिला ने यह भी गंभीर आरोप लगाया है किसंतोष झा अपने पद का दुरूपयोग करते हुए नीरू कश्यप सहायक ग्रेड-2 पोषण आहार शाखा के अपने परिजनों के नाम पर कलेक्टर दर पर कम्प्युटर आपरेटर प्रियंका कश्यप (जो विभाग में कार्य नही करती है) एवं उसकी माता के नाम पर भी आकस्मिक व्यय से प्रति माह एक मोटी रकम निकाला जाता है, जबकि महिला बाल विकास विभाग दन्तेवाड़ा में यह दोनों व्यक्ति कही भी पदस्थ नही है। जिसकी पुष्टि प्रति माह के ट्रेज़री के बिल से की जा सकती। फरियादी महिला ने विभाग में इन वित्तीय गड़बड़ियों के लिए जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग कलेक्टर से की है।

# फर्जी बिलों और वाउचर से वन अधिकारियों ने निकाले साढ़े 96 लाख रुपए



**बीजापुर, 20 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के गंगालूर वन परिक्षेत्र के अधिकारियों ने जल एवं मिटटी संरक्षण के नाम पर साढ़े 96 लाख रुपए से ज्यादा की राशि फर्जी तरीके से आहरण करने की शिकायत भाजपा नेताओं ने वनमण्डलाधिकारी बीजापुर से की है। भाजपा नेताओं ने न केवल जांच की मांग की है बल्कि दोषियों पर अपराधिक मामला दर्ज करते हुए वसुली की मांग की है।गुरुवार को पूर्व सांसद प्रतिनिधि श्रीनिवास रेड्डी, जनजाति गौरव समाज के अध्यक्ष पुरुषोत्तम शाह, बीजापुर भाजपा के पूर्व कोषाध्यक्ष अभिषेक ठाकुर ने डीएफओ रंगनाथन रामकृष्ण वाय को ज्ञापन सौंपा है।भाजपा नेता और पूर्व सांसद प्रतिनिधि श्रीनिवास रेड्डी ने बताया कि वन परिक्षेत्र गंगालूर (सा) के अंतर्गत किकलेर नाला में वर्ष 2020-21 को कैम्पा मद से नरवा विकास योजना के तहत जल एवं मिटटी संरक्षण कार्य हेतु 96.638 लाख स्वीकृत किया गया था। जिसके तहत किकलेर नाला में जल एवं मिटटी संरक्षण हेतु विभिन्न कार्य तकनीकी स्वीकृत के आधार पर कराया जाना था। किन्तु वन परिक्षेत्र अधिकारी गंगालूर (सा) द्वारा का किकलेर नाला में स्वीकृत कार्य नहीं कराया गया है। उनके द्वारा फर्जी बिल बाउचार के आधार पर राशि आहरण कर फर्जी तरीके से कार्य पूर्ण होना बताया गया है। भाजपा नेताओं ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के संरक्षण में हुए फर्जी बिलों के भुगतान को आखिर किसका संरक्षण मिला। इस पूरे मामले की जांच कर दोषी अफसरों पर अपराधिक मामला दर्ज कर वसूली की कार्रवाई की जाए।

# ट्राइबल योध्दा ने गोल्डन वैली को हराया



**सुकमा, 20 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** हाई स्कूल मैदान, सुकमा में आयोजित स्क्क क्रिकेट टूर्नामेंट के फ़ाइनल मुकाबले में आपकी उपस्थिति और समर्थन के लिए तहे दिल से धन्यवाद। ट्राइबल योद्धा टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्डन वैली को हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। यह जीत आप सभी के अपार समर्थन प्यार और खिलाड़ियों के अथक प्रयास का परिणाम है।आपकी उपस्थिति ने न केवल खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया बल्कि खेल भावना को भी नए आयाम दिए।ट्राइबल योद्धा टीम और मेरे परिवार की और से, हम आप सभी का आभार प्रकट करते हैं और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में आपकी भागीदारी की आशा करते हैं।आपका समर्थन और प्यार ही हमारी सफलता की प्रेरणा है।

# गुरु घासीदास जयंती पर सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया



**सुकमा, 20 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 18 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर एवं सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर जनादेश पर्व के अंतर्गत समाजकल्याण विभाग के तत्वाधान में आकार आवासीय संस्था में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों हेतु विभिन्न सांस्कृतिक एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के एक वर्ष की उपलब्धियां से संबंधित हितग्राहीमूलक योजनाओं से संबंधित वीडियो भी प्रदर्शित किया गया। साथ ही आकार संस्था के दिव्यांग बच्चों द्वारा लोकगीत, लोकनृत्य, भाषण प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले दिव्यांग कर्मचारियों को एवं कला के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले दिव्यांग बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ जनों को कंबल, श्रीफल एवं वाकिंग स्टिक वितरित किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक वर्ष 18 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती को मद्य निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है इसलिए लगभग 600 लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। जिन्हें शासन-प्रशासन के द्वारा चलाए जा रहे हितग्राहीमूलक योजनाओं के बारे मे जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती भुनेश्वरी यादव, श्री डमरू नाग जनपद उपाध्यक्ष सुकमा, श्रीमती माड़े बारसे जिला पंचायत सदस्य, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक श्री संजय पाण्डे एवं अन्य ग्रामीण और जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने की बैंकों के कामकाज की समीक्षा

**महासमुंद,20 दिसंबर।** बैंकों के कामकाज से संबंधित जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं रिव्यू समिति की बैठक आज कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित हुई। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक, रिजर्व बैंक के प्रतिनिधि सुशील सहाने, जिला अग्रणी बैंक मैनेजर अभय पारे एवं जिले के अन्य बैंकों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

कलेक्टर लंगेह ने सभी हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत शत-प्रतिशत लाभ दिलाने और विभागीय समन्वय पर विशेष जोर दिया। उन्होंने बैंकों से कहा कि वे सामान्य नागरिकों के प्रति सहयोगात्मक और सहानुभूतिपूर्ण रवैया अपनाएं और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करें। उन्होंने बैंकर्स को साइबर फ्रॉड से बचने के लिए जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत जिले के हर छोटे-बड़े किसान को जोड़ने और उन्हें क्रेडिट कार्ड व ऋण की सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिए। अधिक से अधिक किसानों को के सी सी देने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कृषि, मत्स्य पालन और पशुपालन से जुड़े किसानों को योजना का लाभ दिलाने के लिए विशेष प्रयास करने पर भी बल दिया गया। कलेक्टर ने कहा कि बैंकर लोन और के सी सी को 15 दिनों मे स्वीकृति दे और किसी कारणों से नहीं हो पाता तो हितग्राहियो को उसका कारण बताएं।कलेक्टर लंगेह ने स्व सहायता समूहों को दिए गए ऋणों और उसकी अदायगी स्थिति की समीक्षा की । उन्होंने बैंकों से ग्रामीण क्षेत्रों में शिविरों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने और अधिक लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने को कहा। किसानो को शिविर लगाकर लाभ दिलाने के निर्देश दिए। शिक्षा लोन को ज्यादा आसान और लक्ष्य बढ़ाने के निर्देश दिए गए। बैठक में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, विश्वकर्मा योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मुद्रा योजना, स्वनिधि योजना और अन्य ऋण योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने लंबित आवेदनों पर 15 दिनों मे कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।लंगेह ने निर्देशित किया कि जिले में शिविरों का आयोजन कर अधिक से अधिक लोगों को मुद्रा योजना और अन्य योजनाओं से जोड़ा जाए।

एक नजर

### बारिश की आशंका को देखते हुए धान की सुरक्षा का पुख्ता इंतज़ाम करें: कलेक्टर



**महासमुंद,20 दिसंबर।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने बारिश की संभावना को देखते हुए समर्थन मूल्य पर खरीदे जा रहे धान की समुचित सुरक्षा के उपाय करने कहा है। धान खरीदी के निरीक्षण के लिए नियुक्त समस्त नोडल अधिकारी अपने-अपने धान खरीदी केंद्रों में बारिश से धान के बचाव की समुचित व्यवस्था करें और जानकारी लेते रहे। उन्होंने प्राप्त जानकारी अपने क्षेत्र के अनुविभागीय दंडाधिकारी को प्रेषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पंजीयक सहकारी समिति, धान खरीदी नोडल अधिकारियों को उपार्जन केंद्रों का सतत निरीक्षण करने और बारिश से धान की सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर लंगेह ने जिले के सभी अनुविभागीय दंडाधिकारी, धान खरीदी केंद्रों के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों को धान खरीदी केंद्र में जाकर बारिश से समुचित बचाव की व्यवस्था की रिपोर्ट प्राप्त करने और जहां आवश्यकता है, आवश्यक व्यवस्था भी सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी उपार्जन केंद्रों में धान की स्टेकिंग बारिश से बचाव के लिए उचित तरीके से ढका हुआ हो, यह सुनिश्चित करें। किसी भी स्थिति में धान खराब न हो। सभी उपार्जन केंद्रों में तिरपाल से धान के स्टेकिंग ढंका रहे, इसका ध्यान रखें। किसी भी केंद्र में अव्यवस्था दिखे तो तत्काल दुरुस्त करवाते हुए जिला कार्यालय को सूचित करे। साथ ही नियंत्रण कक्ष के माध्यम से भी रिपोर्ट एकत्रित करवाएं।

### मोटराईज्ड ट्राइसिकल मिलने से आत्मनिर्भर बने टिकेश्वर पटेल

**महासमुंद,20 दिसंबर।** पिथौरा के ग्राम अठठारहगुढ़ी निवासी टिकेश्वर पटेल, जो 80 प्रतिशत अस्थि बाधित हैं, उनका जीवन एक समय में दूसरों पर निर्भर था। अपने गांव से बाहर निकलना उनके लिए चुनौतीपूर्ण था, जिससे वे सीमित अवसरों और निराशा से घिरे रहते थे।उनके जीवन ने तब नया मोड़ लिया जब उन्हें समाज कल्याण विभाग की मोटराईज्ड ट्रायसायकल योजना की जानकारी मिली। उन्होंने तुरंत आवश्यक दस्तावेज तैयार कर आवेदन प्रस्तुत किया। उनकी समस्या को समझते हुए प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की और 16 जुलाई 2024 को कलेक्टर लंगेह के हाथों उन्हें मोटराईज्ड ट्रायसायकल प्रदान की गई। ट्रायसायकल ने पटेल के जीवन को पूरी तरह बदल दिया। अब वे स्वतंत्र रूप से गांव और आसपास के इलाकों में मौसमी साग-सब्जी और मशरूम बेचने का काम कर रहे हैं। यह ट्रायसायकल उनके लिए सिर्फ एक साधन नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन गई है। उनका व्यवसाय बढ़ने से न केवल उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ, बल्कि उनका आत्मविश्वास भी कई गुना बढ़ गया। टिकेश्वर पटेल ने अपनी सफलता का श्रेय जिला प्रशासन और समाज कल्याण विभाग को दिया।

### कलेक्टर ने 23वीं नेशनल ब्लाइंड स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के खिलाड़ियों को दी बधाई

**महासमुंद,20 दिसंबर।** समाज कल्याण विभाग से मान्यता प्राप्त फॉर्च्यून फाउण्डेशन समाजसेवी संस्था द्वारा संचालित फॉर्च्यून नेत्रहीन उच्च माध्यमिक विद्यालय के ब्रॉन्ज मेडल विजेता खिलाड़ियों ने आज कलेक्टर विनय कुमार लंगेह से कलेक्ट्रेट कक्ष में मुलाकात की। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कलेक्टर लंगेह ने खिलाड़ियों को भविष्य में भी इसी तरह प्रदर्शन करते रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती संगीता सिंह, संस्था के डायरेक्टर निरंजन साहू मौजूद थे।बतादें कि फॉर्च्यून नेत्रहीन उच्च माध्यमिक विद्यालय के खिलाड़ियों ने 23वीं नेशनल ब्लाइंड स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2024 में टी 11 कैटेगरी में शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है।

### 26 सहकारी संस्थानों के परिसमापन की सूचना जारी

**बीजापुर, 20 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सहायक आयुक्त सहकारिता विभाग द्वारा संस्था के समस्त मेम्बर्स को सूचित कर बताया गया है कि संस्था का पंजीयन निरस्तीकरण की प्रक्रिया सम्पादित किया जाना है। उक्त संस्था से आपका किसी प्रकार का लेन-देन हो तो दावा मय सबूत सहकारी निरीक्षक को सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर कार्यालयीन पत्ते पर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात किसी प्रकार का दावा पेश नहीं किये जाने पर यह मान लिया जावेगा कि संस्था से किसी प्रकार का लेन-देन नहीं है, तत्पश्चात संस्था के पंजीयन निरस्तीकरण की प्रक्रिया को अंतिम रूप प्रदान कर दिया जावेगा। जिसके तहत परिसमापन समिति बालाजी उपभोक्ता सह भण्डार मर्या. मद्देड़, महाराजा प्रवीरचंद भंजदेव आदर्श सह समिति मर्या. सेण्ड्रा, प्राथमिक आदर्श कोदई माता सहकारी समिति मर्या. बीजापुर, प्राथमिक डिजायर बहु. सहकारी समिति मर्या. बीजापुर, प्राथमिक छत्तीसगढ़ी साख सह समिति मर्या. बीजापुर, जिला थोक उपभोक्ता भण्डार सह समिति मर्या. बीजापुर, प्राथमिक महिला सिलाई बहु. सहकारी समिति मर्या. राउतपारा-3, प्राथमिक महिला सिलाई बहु. सहकारी समिति मर्या. अस्पतालपारा-4, प्राथमिक महिला सिलाई बहु. सहकारी समिति मर्या. डारापारा-5, प्राथमिक महिला सिलाई बहु. सहकारी समिति मर्या. तहसीलपारा-6, प्राथमिक महिला सिलाई बहु. सहकारी समिति मर्या. शान्तिनगर-7, प्राथमिक महिला सिलाई बहु. सहकारी समिति मर्या. जेलबाड़ा-9, प्राथमिक महिला सिलाई बहु. सहकारी समिति मर्या. चेरपाल-1, प्राथमिक महिला सिलाई बहु. सहकारी समिति मर्या. चेरपाल-2, प्राथमिक महिला सिलाई बहु. सहकारी समिति मर्या. चेरपाल-3, प्राथमिक महिला सिलाई बहु. सहकारी समिति मर्या. चेरपाल-4, प्राथमिक महिला सिलाई बहु. सहकारी समिति मर्या. गंगालूर-1, प्राथमिक महिला सिलाई बहु. सहकारी समिति मक महिला सिलाई बहु. सहकारी समिति मर्या. तोयनार-2 सहकारी समिति मर्या. डिपोपारा-8 एवं प्राथमिक सह भण्डार मर्या. बीजापुर शामिल है।

# भाजपा के राजिम विधानसभा के चार मंडल अध्यक्ष आमराय से निर्वाचित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद,20 दिसंबर।** भाजपा में संगठन चुनाव जारी है। बुध अध्यक्ष के बाद अब मंडल अध्यक्ष का निर्वाचन भी हो गया है। गुरूवार को भाजपा ने राजिम विधानसभा अंतर्गत चार मंडल गरियाबंद, छुरा, कोपरा और राजिम का मंडल अध्यक्ष निर्वाचन हुआ। जिसमें सर्वसम्मति और रायशुमारी के बाद गरियाबंद में सुमीत पारख, छुरा में खोमन चंद्राकर, कोपरा में गोपी ध्रुव और राजिम में रिकेश साहू मंडल अध्यक्ष निर्वाचित हुए। चुनाव पर्यवेक्षक व प्रदेश प्रवक्ता श्रीचंदसुंदरानी के उपस्थिति में निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण हुई। इस दौरान पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय भी उनके साथ मौजुद रहे। निर्वाचन उपरांत चुनाव अधिकारी गरियाबंद योगेश शर्मा, छुरा नरोत्तम साहू, कोपरा चंद्रशेखर सोनवानी तथा राजिम में गोवर्धन सिंह मांझी ने उन्हे प्रमाण पत्र प्रदान किया। जिला अध्यक्ष राजेश साहू ने सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष की भाजपा संगठन की ओर से बधाई और शुभकामनायें देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होने कहा कि भाजपा में संगठन सर्वोपरि है। मंडल अध्यक्ष की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होती है। आप सभी पूर्ण निष्ठा से काम करेंगे। इधर नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष सुमीत पारख गरियाबंद, खोमन चंद्राकर, गोपी ध्रुव कोपरा तथा राजिम रिकेश साहू ने संयुक्त रूप से कहा कि भारतीय जनता पार्टी संगठन ने हमे महती जिम्मेदारी है। भाजपा का मंडल और बुथ काफी महत्वपूर्ण होता है। मंडल अध्यक्ष के रूप में पार्टी संगठन को मजबुत करने, कार्यकर्ताओ को एकजुट रखने और केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ का प्रचार प्रसार करने, आम जनता को सरकार की योजनाओ का लाभ दिलाने का प्रयास करेंगे। नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष ने कहा कि आगामी नगरीय निकास चुनाव, त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव में भी भाजपा और भाजपा समर्थित लोग जितकर आए इसके लिए पूरा प्रयास करेंगे। इस अवसर पर पूर्व सांसद चन्दूलाल साहू, जिला अध्यक्ष राजेश साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, महामंत्री अनिल चंद्राकर, बलदेव सिंह हुदल, नपा अध्यक्ष गफ्फु मेमन, रिखीराम यादव, महेश यादव, चिरजीव देवांगन, अजय दीक्षित, श्रीमति रेखा सोनकर, अनुप भोसले, अजय रोहरा, सुरेन्द्र सोनटेके, कमल सिन्हा, प्यारेलाल सोनकर, राधेश्याम सोनवानी, सागर मयाणी, नरोत्तम साहू, फारूख चौधरी, धनराज विश्वकर्मा, पित्तु देवांगन, पप्पु ठाकुर, प्रकाश सोनी, सुरज सिन्हा, यश मिश्रा, खेमसिंह बघेल, रवि चंद्राकर ने बधाई दी।

## श्रीचंद सुंदरानी ने भूतेश्वरनाथ मंदिर में किया जलाभिषेक



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 20 दिसंबर ।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता और रायपुर उत्तर विधानसभा के पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी ने गुरुवार को विश्व प्रसिध्द शिवलिंग भूतेश्वरनाथ मंदिर के दर्शन के लिए गरियाबंद पहुँचे। यहां उन्होने भगवान शिव का जलाभिषेक किया और पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के खुशहाली की कामना की। इस अवसर उनके साथ पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, जिला अध्यक्ष राजेश साहू भी उपस्थित थे। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुंदरानी ने कहा कि भगवान भोलेनाथ हम सबसे आस्था और विश्वास के प्रतीक है। आज विश्व प्रसिध्द प्राकृतिक एवं स्वयंभू शिवलिंग के दर्शन का सौभाग्य मिला। भूतेश्वरनाथ बाब के दर्शन और पूजा अर्चना कर प्रदेश के सुख शांति, तरक्की और खुशहाली की कामना की। इस अवसर उनके साथ राजेश गुरनानी (रायपुर), अजय रोहरा, भाजपा आईटीसेल संयोजक सागर मयाणी भी उपस्थित थे।

## संसद परिसर की घटना से कांग्रेस का दोहरा चरित्र उजागर हुआ है: रूपकुमारी



**महासमुंद,20 दिसंबर।** संसद परिसर में हुई घटना ने न केवल कांग्रेस के दोहरे चरित्र को उजागर किया है, बल्कि यह भी साबित कर दिया की दूसरी पार्टियों पर गुंडागर्दी के आरोप लगाने वाले लोग सबसे बड़े गुंडे हैं, उक्त बातें महासमुंद लोकसभा की सांसद रूपकुमारी चौधरी ने संसद परिसर में हुए घटनाक्रम के बाद कहीं ।सांसद श्रीमती चौधरी ने बताया कि आज राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन के घटक दलों के सांसदों द्वारा यूपीए के सांसदों द्वारा बाबा साहब अंबेडकर को लेकर की जा रही ओछी राजनीति एवं भारत के गृह मंत्री श्री अमित शाह पर लगाए जा रहे अनगर्ल आरोपों के विरुद्ध संसद परिसर में शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन कर रहे थे ,उसी समय राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी के नेतृत्व में यूपीए घटक दलों के सांसदों द्वारा बलात एवं गुंडागर्दी वाला आचरण किया गया । संसद परिसर में भारतीय जनता पार्टी के सांसद जहां खड़े होकर शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन कर रहे थे सीआईएसएफ के जवानों ने उसके बाजू से एक संरक्षित मार्ग यूपीए के घटक दलों के सांसदों के लिए बनाया हुआ था, उसके बाद भी राहुल गांधी भारतीय जनता पार्टी की महिला सांसद एवं बुजुर्ग सांसदों के साथ बदतमीजी एवं धक्का मुक्की करते हुए संसद परिसर के अंदर चले गए ,जिसके फल स्वरुप राहुल गांधी के धक्के से गिरकर भारतीय जनता पार्टी के दो सांसदों को गंभीर चोट आई।

## गरियाबंद नपा,राजिम,फिंगेश्वर,छुरा,कोपरा नगर पंचायत की आरक्षण सूची जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 20 दिसंबर ।** जिले के नगर पालिका, नगर पंचायत के आरक्षण की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है इस अवसर पर जिलाधीश दीपक अग्रवाल अपर कलेक्टर अरविंद पांडे सहायक निर्वाचन अधिकारी राकेश गोलछा, डिप्टी कलेक्टर नवीन भगत के साथ ही विभिन्न अधिकारी उपस्थित हैं आरक्षण की पद्धति पर्ची निकालकर प्रारंभ की जिसमें गरियाबन्द में नगर पालिका राजिम, फिंगेश्वर छुरा एवं कोपरा के आरक्षण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है इस अवसर पर गरियाबन्द राजिम फिंगेश्वर छुरा कोपरा के अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित हैंगरियाबंद नगर पालिका-वार्ड नंबर 1 अनारक्षित वार्ड नंबर 2 ओबीसी वार्ड नंबर 3 अनारक्षित महिला वार्ड नंबर 4 एससी महिला वार्ड नंबर 5 सेंट वार्ड नंबर 6 अनारक्षित वार्ड



नंबर 7 एस.टी महिला वार्ड नंबर 8 एस.टी. वार्ड नंबर 9 अनारक्षित महिला वार्ड नंबर 10 एस.सी. वार्ड नंबर 11 अनारक्षित वार्ड नंबर 12 अनारक्षित वार्ड नंबर 13 अनारक्षित वार्ड नंबर 14 ओबीसी महिला वार्ड नंबर 15 अनारक्षितनगर पंचायत छुरा-वार्ड नंबर 1 ओबीसी वार्ड नंबर 2 अनारक्षित वार्ड नंबर 3 एस.टी वार्ड नंबर 4 एस.टी.वार्ड नंबर 5 अनारक्षित वार्ड नंबर 6 अनारक्षित वार्ड नंबर 7 अनारक्षित महिला वार्ड नंबर 8 अनारक्षित महिला वार्ड नंबर 9 एस.सी. महिला वार्ड नंबर 10 एस.सी. वार्ड नंबर 11 अनारक्षित वार्ड नंबर 12 ओबीसी महिला वार्ड नंबर 13 अनारक्षित वार्ड नंबर 14 एस.टी. महिला वार्ड नंबर 15 अनारक्षितनगर पंचायत फिंगेश्वर-वार्ड नंबर 1 अनारक्षित वार्ड नंबर 2 अनारक्षित वार्ड नंबर 3 अनारक्षित महिला वार्ड नंबर 4 आनरक्षित महिला वार्ड नंबर 5 ओबीसी महिला वार्ड नंबर 6 अनारक्षित वार्ड नंबर 7 अनारक्षित वार्ड नंबर 8 अनारक्षित वार्ड नंबर 9 एस.सी. महिला वार्ड नंबर 10 एस. सी.वार्ड नंबर 11 एस.सी. वार्ड नंबर 12 अनारक्षित वार्ड नंबर 13 एस.टी. महिला वार्ड नंबर 14 ओबीसी वार्ड नंबर 15 एस.सी.

नगर पंचायत राजिम मे.. (एस.टी. कोई भी वार्ड नहीं है)वार्ड नंबर 1 अनारक्षित महिला वार्ड नंबर 2 अनारक्षित वार्ड नंबर 3 अनारक्षित महिला वार्ड नंबर 4 अनारक्षित वार्ड नंबर 5 अनारक्षित वार्ड नंबर 6 ओबीसी महिला वार्ड नंबर 7 ओबीसी वार्ड नंबर 8 अनारक्षित वार्ड नंबर 9 ओबीसी वार्ड नंबर 10 ओबीसी वार्ड नंबर 11 अनारक्षित वार्ड नंबर 12 एस.सी. महिला वार्ड नंबर 13 एस.सी.वार्ड नंबर 14 अनारक्षित वार्ड नंबर 15 ओबीसी महिला

**नगर पंचायत कोपरा**-वार्ड नंबर 1 एस.सी. वार्ड नंबर 2 अनारक्षित वार्ड नंबर 3 ओबीसी महिला वार्ड नंबर 4 एस.सी. महिला वार्ड नंबर 5 ओबीसी वार्ड नंबर 6 अनारक्षित वार्ड नंबर 7 ओबीसी महिला वार्ड नंबर 8 अनारक्षित महिला वार्ड नंबर 9 अनारक्षित वार्ड नंबर 10 अनारक्षित महिला वार्ड नंबर 11 ओबीसी वार्ड नंबर 12 अनारक्षित वार्ड नंबर 13 अनारक्षित वार्ड नंबर 14 अनारक्षित वार्ड नंबर 15 ओबीसी ।

# 4 करोड़ से होगा गरियाबंद जिले की सड़कों का कायाकल्प :रोहित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गरियाबंद, 20 दिसंबर ।** राजिम विधानसभा के विकास के लिए प्रतिबद्ध विधायक रोहित साहू के सतत प्रयास ने जिले में एक इतिहास रच दिया राजिम ही नहीं बिंद्रानवागढ़ विधानसभा में भी दिखेंगे चमचमाती सड़क और पुल पुलिया गरियाबंद जिले के अनेक मार्गों के नवीनीकरण, पीएम जनमन की सड़कों, अन्य मरम्मत कार्य, पुल निर्माण और पेंच वर्क के लिए लगभग 104 करोड़ रूपये राशि की मंजूरी मिली है। उक्त कार्यों में सड़क नवीनीकरण कार्य तहत अकलवारा से फिंगेश्वरी 96.32 लाख रुपये, दादरगाँव से छतरमड़ई 53.53 लाख रूपये ,कांटाखुसरी से राजपुर व्हाया धरमपुर 42.01 लाख रूपये,मोंगरा से बिरनीबाहरा 109.22 लाख रूपये ,परसदाखुर्द से पिपरहट्टा 29.39 लाख रुपये,पाटसिवनी से जामली 61.08 लाख रूपये,रक्सी से नवाडीह (केंवटीझर) 62.38 लाख रूपये ,कोकड़ी से भिलाई 67.62 लाख रूपये,लोहारी से गोड़लबाय 142.90 लाख रूपये,महेन्द्रगढ़ से सातधार 72.24 लाख रूपये,डड़ईपानी से धवलपुर 145.32 लाख रूपये,मैनपुर से गोबरा 298.89 लाख रूपये,सिहार से जिड़ार 48.42 लाख रूपये,गरीबा से गोना 292.27 लाख रूपये,धुवापारा नाला से स्टेट हाइवे 42.16 लाख रूपये ,ऊपरपीटा से दहीगाँव 32.56 लाख रूपये,बारूला से कौंदकेरा 36.99 लाख रूपये,बारूला से पोटिया 127.79 लाख रूपये,कसेरु से आमझर 119.96 लाख रूपये की सड़क शामिल हैं। पीएम जनमन योजना के तहत वर्ष 2023-24 के कार्यों में छुईहा से कसेरूडीह व्हाया कमारपारा 180.54 लाख रूपये,बनगंवा से कमारपारा रोड 33.19 लाख रूपये,रक्सा से कमारपारा 87.07 लाख रूपये,कुंडेल कमारपारा से कसेरूडीह 177.44 लाख रूपये,गुंडरदेही से बमहनदेही 81.7 लाख रूपये,खैरझिटी से कमारपारा भेंडरी 95.13 लाख रूपये,फिंगेश्वरी से तालाबपारा 45.94 लाख रूपये,अकलवारा से कमारपारा 72.06 लाख रूपये,मड़ेली से कमारपारा 46.28 लाख रूपये,नवापारा बी से कमारपारा 106.3 लाख रूपये,फुलझर से खदराही 163.67 लाख रूपये,रवेली से कमारटोला 86.46 लाख रूपये,रवेली जरगांव से कमारपारा 37.08 लाख रूपये,रवेली जरगांव से खपरापारा 64.50 लाख रूपयेघटकर्रा स्कूल से कमारपारा 40.89 लाख रूपये,रामनगर पारा से कमारपारा 37.37 लाख रूपये,सेम्हरा से स्कूलपारा छतरपुर 200.39 लाख रूपये,राजपुर छतरपुर से कमारपारा,134.41 लाख रूपये,हीराबतर से कोकड़ाछेरा 95 लाख रूपये, बनवापारा से बांजीबहलीपारा 70.52 लाख रूपये,बुरजाबहाल से कमारपारा 102.05 लाख रूपये, बनवापारा से खासरपारा 111.26 लाख रूपये, बुरजाबहाल से बंदपारा 109.65 लाख रूपये,बनवापारा बस्ती से खरकारपारा 50.39 लाख रूपये,बुरजाबहाल से कंडियापारा कमारपारा 81.11 लाख रूपये,तुहामेटा से भालूकोना 103.58 लाख रूपये,जिड़ार से जरहीडीह (डोंगरीपारा) 114.21 लाख रूपये,जाड़ापदर से कमारपारा 181.93 लाख रूपये,डुमाघाट से चचारपारा 127 लाख रूपये,कांडसर से रताखंड 187.52 लाख रूपये,डुमाघाट से चिटकीमुड़ा 193.74 लाख रूपये,कांडसर से काटेसेमल 174.44 लाख रूपये,उसरीजोर से कमारपारा गोलामाल 148.19 लाख रुपये,गोलामाल से अड़कीभाठा 188.24 लाख रूपये घूमरापदर से छोटेडोंगरीपारा 179.37 लाख रूपये। इसी प्रकार *पीएम जनमन वर्ष 2024-25 की आगामी कार्ययोजना बैच-2* के लिए भी प्रशासकीय स्वीकृति विधायक रोहित साहू के प्रयासों से मिली है जिनमें गोंदलाबाहरा से उलटपारा 1.70 किमी के लिए लागत 102.18 लाख रूपये, दीवना से कमारपारा 2.10 किमी के लिए 117.52 लाख रूपये, नागाबुड़ा से चट्टानपारा 6.00 किमी हेतु 33.39 लाख रूपये, छिन्दौली (गोंदलाबाहरा) 135.48 करोड़ रूपये,खरखरा से कमारपारा 95.06 लाख रूपये,हाथबाय से चिखली 209.72 लाख रूपये,कोटरीछापर से भुइयाडेरा 121.72 लाख रूपये, मरौदा से बम्हनी 90.26 लाख रूपये,सिकासार रोड से अच्छाछेड़का 94.33 लाख रूपये,कमारभौदी से कमारपारा 406.43 लाख रूपये, डुमरबाहरा से ऊंडापारा 156.64 लाख रूपये,पंचायत भवन से कमारपारा ओंढ़ 89.62 लाख रूपये,नेशनल हाइवे 130 सी से टिमनपुर 57.72 लाख रूपये,खरीपथरा से टेकनापारा बासनपानी 200.12 लाख रूपये की स्वीकृति शामिल हैं।

## विधान सभा में शून्यकाल के दौरान विधायक विक्रम मंडावी ने अवैध रेत उत्खनन का मामला उठाया

**बीजापुर, 20 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने गुरुवार को विधानसभा में शून्य काल के दौरान



प्रदेश और बीजापुर जिले में हो रहे अवैध रेत उत्खनन का मामला उठाया है। विधान सभा में अवैध रेत उत्खनन का मामला उठाते हुए विधायक विक्रम मंडावी ने विधान सभा में कहा कि प्रदेश में बिना किसी परमिट और बिना किसी अनुमति से पूरे प्रदेश भर में अवैध रेत उत्खनन हो रहा है और अवैध रेत उत्खनन के मामले प्रदेश में लगातार बढ़ते जा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि बीजापुर जिले में रेत माफियाओ द्वारा अवैध रेत उत्खनन कर रेत को बिना किसी परमिट के और बिना किसी अनुमति के सीमावर्ती राज्य महाराष्ट्र और तेलंगाना में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा है जिससे पर्यावरण का भी नुक़सान हो रहा है। विधायक विक्रम मंडावी ने विधानसभा में यह भी कहा कि बीजापुर जिले में रेत माफियाओं की दख़लअंदाजी बढ़ रही हैं रेत उत्खनन के नाम पर शांति प्रिय क्षेत्र को अशांत करने का काम रेत माफियाओं द्वारा किया जा रहा है जिन पर कार्यवाही होनी चाहिए। इसलिए प्रदेश में हो रहे अवैध रेत उत्खनन के मामले पर विधान सभा में चर्चा होनी चाहिए।

## मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ताजुद्दीन आसिफ को दी गई विदाई



**बीजापुर, 20 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला पुलिस बीजापुर छ.ग. द्वारा श्री ताजुद्दीन आसिफ, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी/मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बीजापुर, जिला बीजापुर छ.ग. का पदोन्नति एवं स्थानांतरण उपरांत कार्यभार मुक्त होने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।सम्मान समारोह में श्री ताजुद्दीन आसिफ ,व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी/मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बीजापुर, जिला बीजापुर छ.ग. की जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पंखाजुर, जिला कांकेर छ.ग. में पदोन्नति होने हेतु जिला कलेक्टर श्री संबित मिश्रा , पुलिस अधीक्षक बीजापुर श्री डॉ. जितेन्द्र यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल आप्स श्री मंयक गुरजर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री चन्द्रकांत गवरना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री डॉ. युलैण्ड यार्क, एवं उप पुलिस अधीक्षक श्री शरद कुमार जायसवाल एवं उपस्थिति अन्य अधिकारीगण द्वारा बधाई दिया गया तथा जिला बीजापुर में अतिसंवेदनशील नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के बावजूद उनके कार्यकाल के दौरान उनके महत्वपूर्ण उत्कृष्ट योगदान हेतु शुभकामनाएं और जिला बीजापुर से कार्यभार समाप्त कर पंखाजुर जिला कांकेर जाने हेतु भावनात्मक विदाई दिया गया।

## बाल संरक्षण इकाई में बाल अधिकार पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**बीजापुर, 20 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशन पर महिला एवं बाल विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा आंगनबाडी केन्द्रों के माध्यम एवं स्कूल/कॉलेजों में जागरूकता अभियान कार्यक्रम कर महिलाओ को लैंगिक अपराधों से बालको संरक्षण अधिनियम 2012 बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम चाईल्ड हेल्पलाईन 1098 महिला हेल्पलाईन 181, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं और नशे की लत से बच्चों को छुटकारा दिलाने के लिए नशा मुक्ती से संबंधित जानकारी दिया जा रहा है। कार्यक्रम में विभागीय योजना से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन आंगनबाडी स्तर पर कुर्सी दौड का आयोजन किया जा रहा है इस दौरान बच्चों एवं महिलाओं को बाल विवाह मुक्त बीजापुर बनाने शपथ भी दिलाया जा रहा है शपथ के माध्यम से स्थानीय समुदाय को बाल विवाह के खिलाफ जागरूक किया जा रहा है इसके निवारण के लिए सभी ने मिलकर प्रयास करने का प्रतिज्ञा लिया इस दौरान बच्चों के संरक्षण संबंधित योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है और स्पांसर शिप योजना की जानकारी भी दिया जा रहा है। बाल विवाह सहयोग करने पर 2 वर्ष की सजा- 18 वर्ष से अधिक आयु का पुरूष यदि 18 वर्ष से कम उम्र की महिला से विवाह करता है तो उसे 2 वर्ष तक के कठोर कारावास अथवा जुर्मना जो कि 1 लाख तक का हो सकता है। अथवा दोनो से दंडित किया जा सकता है कोई व्यक्ति जो बाल विवाह करवाता या करता है अथवा उसमे सहायता करता तो उसे 2 वर्ष तक के कठोर कारावास अथवा जुर्मना जो कि 1 लाख तक का हो सकता है। अथवा दोनो से दंडित किया जा सकता है। कोई व्यक्ति जो बाल विवाह को बढ़ावा देता है अथवा उसकी अनुमति देता है बाल विवाह में सम्मलित होता है वह भी दंडित होगा।

## जवानों की सतर्कता से नक्सलियों के मंसूबे हुए नाकाम पांच-पांच किलो के पांच बम किये नष्ट



**बीजापुर, 20 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सलियों की बड़ी साजिश जवानों ने नाकाम कर दिया है। सुरक्षाबलों के वाहनों को निशाना बनाने के लिए नक्सलियों ने सड़क पर सीरियल बारूदी सुरंग बिछा रखा था। 85 वाहिनी केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल द्वारा स्थापित किए गए नवस्थापित कैम्प मुडवेंदी के पास सड़क पर नक्सलियों ने बारूदी सुरंग बिछाया था। मिली जानकारी के मुताबिक, 85 वाहिनी एवं 199 वाहिनी के जवानों ने बारूदी सुरंग को खोजकर बम को सड़क पर ही ब्लास्ट कर नष्ट किया। 5-5 किलोग्राम के 5 बमों को CRPF के जवानों ने बरामद कर नष्ट कर दिया है। नष्ट करने के दौरान बमों से जैसा ब्लास्ट हुआ, उसे देखकर दिल दहल जाएगा। CRPF 85 वाहिनी एवं 199 वाहिनी के जवानों की सतर्कता के चलते बड़ा हादसा टल गया।

## एक नजर

### स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को अग्निशामक यंत्रों व आग से बचाव का दिया गया प्रशिक्षण



**बलौदाबाजार, 20 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी ने विभिन्न विभागों में अग्निशामक यन्त्रों के संचालन बाबत प्रशिक्षण कार्यशाला रखने के निर्देश पूर्व में दिए थे जिस पर अमल करते हुए जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थाओं के स्टाफ हेतु प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। अब तक जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल एवं लवन में यह पूर्ण हो चुका है। उक्त केंद्रों में विकासखण्ड के मैदानी स्वास्थ्य अमले को भी सम्मिलित कर दुर्घटना से बचाव के तरीके सुझाए गए. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी के अनुसार उक्त प्रशिक्षण में आग के प्रकार, एवं उनको बुझाने की विधि, अग्निशामक यंत्र कितने प्रकार के होते हैं एवं कौन सी आग में कौन सा अग्निशामक यन्त्र का उपयोग करना है इसकी जानकारी देते हुए इसके प्रयोग के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। इसके अतिरिक्त यदि अस्पताल में अग्नि दुर्घटना हो गई तो ऐसी आपातकालीन स्थिति में एस एन सी यू, आई सी यू , एन बी एस यू के नवजात शिशुओ तथा मरीजों का रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर लाना है यह भी बताया गया। प्रशिक्षण में अस्पताल में स्थापित फायर उपकरण जैसे, हाईड्रेंट, हाजरील, हाज बाक्स, शॉर्ट ब्रांच के प्रयोग के बारे में बताते हुए डेमो देकर अभ्यास भी कराया गया। इसमें गैस सिलिंडर में आग की स्थिति में बचाव करना भी सिखाया गया। अग्निशामक यंत्र के संचालन हेतु उक्त प्रशिक्षण अग्निशमन कार्यालय के फायर कर्मचारियों-स्टेशन इंचार्ज जितेंद्र कुर्रे एवं साथियों द्वारा दिया गया।

### सिरियाडीह में कृषक सम्मान सह संगोष्ठी का आयोजन



**बलौदाबाजार, 20 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सिरियाडीह प क्र 602 मे शासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार एवं उप संचालक कृषि दीपक नायक के मार्गदर्शन मे कृषक सम्मान सह संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ कृषक बलदाऊ प्रसाद साहू का प्राधिकृत अधिकारी रामशंकर साहू के द्वारा श्रीफल, गमछा एवं तिलक लगाकर सम्मान किया गया। इसी तारतम्य में सहकारिता एवं कृषि विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं का विस्तृत जानकारी दिया गया। कृषकों को धान उपार्जन केंद्र एटीएम के माध्यम से 10 हजार रूपये लेन देन करने, पराली नहीं जलाने, रबी फसल में शून्य प्रतिशत पर केसीसी लोन, धान के बदले दलहन, तिलहन, फसल लेने के आग्रह किया गया। इस दौरान सोमेश्वर लहरें ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, विनोद नवरंग ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, गोविंद पटेल समिति प्रबंधक उत्तम केंवट, रमेश पटेल कंप्यूटर ऑपरेटर गौरी शंकर साहू, मनहरण साहू, राजकुमार साहू गायत्री पटेल, कर्मचारी उपस्थित रहे। सम्मान प्राप्त कृषक तेरस लहरें, झुमुक लाल पटेल पतिराम पटेल महेंद्र केंवट भीनी बाई साहू भूरी बाई साहू अशोक साहू शत्रुघन पटेल पंच राम केवट, दल साय केवट उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम के संयोजन में वरिष्ठ कृषि अधिकारी बी प्रजापति का विशेष सहयोग रहा।

## दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में वर्षिकोत्सव का भव्य आयोजन

# ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण : श्याम बिहारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 20 दिसम्बर।** खमरिया स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 17 दिसंबर को वार्षिकोत्सव का आयोजन बेहद भव्य और गरिमामय तरीके से किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में एक उत्सव जैसा माहौल था, जहाँ हर व्यक्ति के चेहरे पर उल्लास और ऊर्जा की झलक दिखाई दे रही थी। विद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने पूरे आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्याम बिहारी जायसवाल (कैबिनेट मंत्री, हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर, मंत्री ऑफ मेडिकल एजुकेशन) थे। कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाने के लिए विशिष्ट अतिथि शिवरतन शर्मा (उपाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़) उपस्थित रहे।

विशेष अतिथि के रूप में डॉ0 नरेश भट्ट, (वरिष्ठ वैज्ञानिक इसरो) डॉ0 हेमेंद्र आर. कंसारा, (वरिष्ठ वैज्ञानिक इसरो) डॉ0 एस0पी0 व्यास, (वरिष्ठ वैज्ञानिक इसरो) एवं हिमांशु भारतीय (जिला शिक्षा अधिकारी, बलोदा बाज़ार) ने अपनी उपस्थिति दर्ज़ कराई।

विद्यालय के प्रबंधक अश्विनी शर्मा, व् संदीप गोयल एवं साइंस कोऑर्डिनेटर, एनएच गोयल वर्ल्ड स्कूल, रायपुर से एम0एन0 सिंह सहित जिले के विभिन्न विद्यालयों से आमंत्रित प्रधानाचार्य एवं शिक्षक, गणमान्य अभिवावक भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच का प्रभावी संचालन विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने की। शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक द्वारा मुख्य अतिथियों के औपचारिक स्वागत और माल्यार्पण के साथ हुआ। प्रबंधक ने अपने उद्घाटन भाषण में विद्यालय की उपलब्धियों, लक्ष्यों और भविष्य की योजनाओं का उल्लेख किया। इसके उपरांत विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश पोपट ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें उन्होंने विद्यालय की प्रगति, शैक्षणिक गुणवत्ता, छात्रों की सफलता तथा अन्य सह-पाठ्यक्रमीय गतिविधियों का विस्तार से ब्यौरा दिया।



कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छात्रों द्वारा प्रस्तुत किया गया सांस्कृतिक कार्यक्रम था, जिसमें कनिष्ठ और वरिष्ठ छात्र-छात्राओं ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया। इस सांस्कृतिक संध्या में विभिन्न प्रकार की प्रस्तुतियाँ जैसे लोक नृत्य, समूह गीत, शास्त्रीय संगीत, नृत्य, नाटक आदि शामिल रहे। मुख्य अतिथि श्याम बिहारी जायसवाल ने विद्यालय के इस प्रयास की सराहना की और कहा- ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भागीदारी के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को उनके वार्षिक उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत किया गया।

लोक नृत्य की रंग-बिरंगी वेशभूषा और मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भारतीय संस्कृति के विविध रंगों से परिचित कराया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए विभिन्न राज्यों के लोक नृत्य जैसे भांगड़ा, गरबा, कथकली, दशावतार और बिहू ने कार्यक्रम को अत्यंत रोचक बना दिया। समूहगान में छात्र-छात्राओं ने विद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष सी0 एल0 शुक्ल द्वारा रचित विद्यालय गीत गाकर मानो दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल की पूरी फिलोसोफी बयाँ की हो। जहाँ एक ओर वरिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों ने अपने प्रदर्शन से लोगों को मंत्र-मुग्ध कर दिया वहीं कनिष्ठ वर्ग के नन्हें-मुन्ने बच्चे भी अपनी लुभावनी प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोह लिया। संगीत की स्वर लहरियों ने पूरे वातावरण को सुरमयी बना दिया।

इसके अतिरिक्त, नृत्य-नाटिका ने समाज में फैली कुरीतियों और समसामयिक मुद्दों पर प्रकाश डालते हुए एक गहन संदेश दिया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत नाटक ने दर्शकों को खूब गुदगुदाया और तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सराहना बटोरी। विद्यालय के छात्रों ने कला, संगीत और नाटक के माध्यम से न केवल मनोरंजन किया, बल्कि शिक्षा, जागरूकता और सांस्कृतिक धरोहर को भी सामने रखा। इस भव्य आयोजन की सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों, छात्रों और प्रबंधन समिति के सामूहिक प्रयास को जाता है। शिक्षकों ने कार्यक्रम की तैयारियों में विद्यार्थियों का पूरे समर्पण के साथ मार्गदर्शन दिया। छात्रों ने दिन-रात अभ्यास कर अपनी प्रस्तुतियों को उत्कृष्ट बनाया, जो कार्यक्रम के दौरान स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ।

उपस्थित दर्शकों ने पूरे कार्यक्रम को बहुत ही रोचक और प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम का संचालन अत्यंत अनुशासित और व्यवस्थित रूप से हुआ, जो विद्यालय की कुशल प्रबंधन व्यवस्था का प्रमाण था। अंत में शाला नायक ओम विश्नोई व शाला नायिका अपूर्वा मिश्रा द्वारा वोट ऑफथैंक्स देकर कार्यक्रम के समापन की घोषणा राष्ट्रगान गाकर की गई।वार्षिकोत्सव का यह आयोजन केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह एक ऐसा मंच बना जिसने छात्रों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। विद्यालय के इस सफल आयोजन की चर्चा सभी के बीच रही, और यह निश्चित रूप से विद्यालय के इतिहास में एक यादगार और प्रेरणादायक अध्याय के रूप में दर्ज़ हो गया।

## खोमन चन्द्राकार बने भाजपा मंडल छुरा के अध्यक्ष

# 'संगठन ने जो जिम्मेदारी दी है उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा'



■ विश्राम गृह में हुई घोषणा, पटाखे फोड़कर समर्थकों ने मनाया जश्न



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 20 दिसम्बर।** भारतीय जनता पार्टी ने छुरा भाजपा मंडल के लिए अध्यक्ष को घोषणा कर दी है।नगर पंचायत अध्यक्ष खोमन चन्द्राकार को छुरा के मंडल अध्यक्ष बनाए गए है। विश्राम गृह छुरा में मंडल चुनाव निर्वाचन अधिकारी भाजपा के नरोत्तम साहू ने विधिवत घोषणा किया गया युगल सौंदर्या, जिलाध्यक्ष राजेश साहू, छत्तर सिंह ठाकुर, चींरजीव देवांगन, तोकेश्वरी मांझी, केशरी ध्रुव अन्य की मौजूदगी में मंडल निर्वाचन अधिकारी नरोत्तम साहु, ने खोमन चन्द्राकार के नाम की घोषणा की।घोषणा के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने ताली बजाकर और तिलक लगाकर स्वागत किया।इस अवसर पर नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष खोमन चन्द्राकर ने कहा कि पार्टी संगठन ने उन्हें जो महती जिम्मेदारी सौंपी है वह उसका पूरी कर्तव्य निष्ठा और लगन के साथ निर्वहन करेंगे। भाजपा संगठन को मजबूत करने के साथ ही केन्द्र और प्रदेश सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता को मिले इसका प्रयास करेंगे। ज्ञात हो कि वर्तमान में नगर पंचायत छुरा अध्यक्ष हैं। पिछले विस व लोस चुनाव में उन्होंने बेहतर कार्य किया। इस अवसर पर उपस्थित मण्डल निर्वाचन अधिकारी के रुप में नरोत्तम साहू, युगल सौंदर्या, जिला अध्यक्ष राजेश साहू, छत्तर ठाकुर, चींरजीव देवांगन, केशरी ध्रुव, तोकेश्वरी मांझी, लेखराज धुर्वा, पीलु यादव, रमेश सिन्हा, लोकेश चन्द्राकार, गिरवर लहरें, थानसिंग निषाद, मीना चन्द्राकार, चित्रलेखा ध्रुव, सुरेश निर्मलकर, रितुराज शाह, धम्मू थदानी, शंकर सेन, गणेशु साहू, मनोहर विश्वकर्मा रजनी लहरें, नारायण सिन्हा, इमरान मेमन, गैंदराम ध्रुव, तुलसी साहू, राकेश शर्मा, शिवशंकर जायसवाल, आशकरण टण्डन, भुवेन्द्र मरकाम, रामरतन साहू, समारू साहू, दीशांक चन्द्राकर, रुपनाथ बंजारे, तुलाराम साहू, ओमप्रकाश यादव सहित भाजपा कार्यकर्ताओं व नागरिकों ने बधाई दिया।

# दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष का कारावास व अर्थदंड

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 20 दिसम्बर।** बलौदाबाजार निवासी अभियुक्त दीनु टंडन को पीड़िता के साथ उसकी इच्छा के विरुद्ध तथा सम्मति के बिना उसके साथ जबरदस्ती बलात्संग करने के आरोप में अपर सत्र न्यायाधीश भाटापारा सतीश कुमार जायसवाल ने 10 वर्ष का कठोर कारावास एवं आर्थिक दण्ड से दंडित किया।

विशेष लोक अभियोजक भाटापारा संजय बाजपेयी ने इस प्रकरण के बारे मे बताया कि पीड़िता के पति ने लिखित आवेदन थाना भाटापारा ग्रामीण मे पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह बलौदाबाजार मे फ्लाई ईंट बनाने का काम करता है। उसकी पत्नी बचपन से ही दिमागी तौर से कमजोर है। 20 सितम्बर 2022 को उसकी पत्नी सुबह 4.30 बजे उठकर खैरताल रेलवे पटरी पार शौच के लिए गई थी।जो लगभग सुबह 5.30 बजे रोते, दौड़ते हुए घर वापस आई और बताई कि वह फ्रेश होकर वापस आ रही थी तब रेलवे पटरी के पास आरोपी दीनू ने पकड़कर जबरदस्ती बलात्कार किया है। तब वह अपनी पत्नी के छोटे भाई, सास को फोन करके घटना के संबंध मे बताया, उसका साला और सास लोग उसके घर आकर उसकी पत्नी से पूछताछ किये, उन्हें भी पीड़ित ने अपने साथ आरोपी द्वारा जबरदस्ती संबंध बनाने की बात बताई।

प्रार्थी की लिखित रिपोर्ट के आधार पर थाना भाटापारा ग्रामीण में अपराध पंजिबद्ध कर गवाहों के कथन लेखबद्ध कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर विवेचना पूर्ण कर चालान न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय में सभी गवाहों के कथन लेखबद्ध हुआ विशेष लोक अभियोजक नेअंतिम बहस में ऐसे अपराध के लिए आरोपी को कठोर दंड दिये जाने का निवेदन किया। अपर सत्र न्यायाधीश भाटापारा सतीश कुमार जायसवाल द्वारा प्रकरण की गंभीरता, अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य और गवाहों का परिशीलन करते हुए आरोपी दीनु टंडन को धारा 376(1) भा. द. सं. में 10 वर्ष का कठोर कारावास एवं 500 रुपये अर्थदंड की सजा से दंडित किया। शासन के लिए पैरवी विशेष लोक अभियोजक संजय बाजपेयी द्वारा किया गया।


OFFICE OF THE DISTRICT EDUCATION OFFICER, DISTRICT - NORTH BASTAR KANKER (CG)

Letter no.-PM Shri/2024/Kanker 8069 Date -19.12.2024

// SHORT TERM TENDER NOTICE //

Seald Tenders are invited from the interested manufacturers/Authorized Dealers/Suppliers for Supply of Readymade School Uniform, Tie, Belt, Shoes Schools Bag for the Student of Class 1 to 08 Studying in PM Shri Schools & others in District.

The Bid Documents can be purchased from from office of District Education officer kanker during office hours up to 26th December, 5:00 Pm. Cost of Bid documents will be Rs. 1000/- in a cash payment of District Education Officer, Kanker. Last Date of Submission of Bid is 27th December 2024 up to 3:00 PM and will be opened on the same day at 4:00 PM.

District Education Officer
North Bastar Kanker (CG)


# सिमगा के मनहरण साहू ने मप्र के ग्वालियर में छत्तीसगढ़ी रंगोली दुलदुला की दी प्रस्तुति



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 20 दिसम्बर।** सिमगा के मनहरण साहू मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग उस्ताद अलाउद्दीन खान संगीत एवं कला अकादमी के सहयोग से तानसेन संगीत समारोह 2024 उत्सव के 100वर्ष 15 से 19 दिसंबर तक तानसेन समाधि परिसर हजीरा, बेहट, गुजरी महल ग्वालियर में संपन्न हुआ जिसमें 100 से अधिक श्रेष्ठ संगीतज्ञों की प्रस्तुति हुई जिसमें छत्तीसगढ़ से मनहरण साहू छत्तीसगढ़ी रंगोली दुलदुला लोकमंच द्वारा प्रस्तुति दी गई तथा जापान, इटली, इजराइल, फ्रांस से आए विदेशी कलाकारों द्वारा यह समारोह संपन्न हुआ।

### प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना के तहत ऋण के लिए आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार, 20 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उनन्यन योजना के तहत खाद्य प्रसंस्करण उद्यम स्थापित करने के इच्छुक व्यक्तियों से जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा आवेदन आमंत्रित किया गया है। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार योजनान्तर्गत जिले को 75 लक्ष्य प्राप्त हुआ है। नवीन या विद्यमान माइक्रो फूड प्रोसेसिंग उद्यमों यथा मसाला उद्योग, मुरमरा, पोहा, मिनी रईस मिल, रईस मिल, आटा चक्की, पशु आहार उद्योग, दलिया, बेकरी उत्पाद, आचार, पापड़, नमकीन, भुजिया, चिप्स, मिष्ठान्न निर्माण, जैम जैली, जूस एवं पल्प तथा अन्य फल एवं सब्जी प्रसंस्करण उद्योग आदि को ऋण सहायता राष्ट्रीकृत बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी।


न्यायालय तहसीलदार,एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जगदलपुर, जिला-बस्तर छ.ग.

रा.प्र.क्र./ब-121/2024-25

उद्घोषणा पत्र

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दामोदर चंडार पिता सुकरू चंडार निवासी जवाहर नगर वार्ड जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.) ने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि अपने माता कौशल्या चंडार पि. सुकरू चंडार निवासी जवाहर नगर वार्ड जगदलपुर का जन्म/मृत्यु दिनांक 10/11/2003 को निवास स्थान शहर जवाहर नगर वार्ड जगदलपुर में हुआ है। आवेदक/आवेदिका किसी कारण से अपने माता का जन्म/मृत्यु तिथि 10/11/2003 को मुख्य नगर पालिक अधिकारी जगदलपुर/उप पंजीयक ग्राम पंचायत जगदलपुर के अभिलेख में दर्ज नहीं करा पाया था। वर्तमान में आवेदक को अपने माता का शासकीय कार्य के लिये जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है उक्त संबंध में आवेदक के द्वारा आवेदन पत्र शपथ पत्र अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सरपंच/पार्षद का प्रमाण पत्र, सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन पत्र पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह अपनी आपत्ति न्यायालय में सुनवाई तिथि 03/01/2025 तक स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है । नियत तिथि के पश्चात् प्रस्तुत दावा-आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई अथवा विचार नहीं की जावेगी।

उद्घोषणा पत्र आज दिनांक 17.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार (नजूल)
जगदलपुर



छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय अधीक्षण अभियंता
जल संसाधन एवं भू-जल सर्वेक्षण मंडल
सिहावा भवन परिसर, सिविल लाईन्स, रायपुर (छ.ग.)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्रमांक 162886/निविदा सूचना क्रमांक 09/वलेलि/2024-25 गरियाबंद, दिनांक 17.12.2024

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 07.01.2025 समय 17:30 तक आनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

कार्य का नाम : रायपुर जिले के विकासखण्ड धरसींवा की पैरी परियोजना अंतर्गत मिट्टी एवं पदार्थ परीक्षण कार्यालय भवन का जीर्णोद्धार एवं प्रयोगशाला नवीनीकरण कार्य।

अनुमानित लागत : रूपये 184.98 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 24.12.2024 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

जी-242504682/3

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, गरियाबंद
कृते, अधीक्षण, अभियंता, जल संसाधन एवं भू-जल सर्वेक्षण मंडल, रायपुर (छ.ग.)


# शांतिपूर्ण तरीके से पूरी हुई नगरीय निकायों के तमाम वार्डों की आरक्षण लॉटरी प्रकिया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 20 दिसम्बर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन बलौदाबाजार भाटापारा दीपक सोनी की अध्यक्षता में नगरीय निकायों के वार्डो की आरक्षण प्रकिया शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। जिसके अनुसार नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार वार्ड क्र.1 अनुसूचित जाति महिला, 2 अनुसूचित जनजाति, 3 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, 4अनारक्षित महिला, 5 अनारक्षित, 6 अनारक्षित, 7 अनसूचित जाति, 8 अन्य पिछड़ा वर्ग, 9 अन्य पिछड़ा वर्ग, 10 अनुसूचित जाति, 11 अनुसूचित जाति, 12अनारक्षित, 13 अनारक्षित, 14 अनारक्षित, 15 अनारक्षित महिला, 16 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, 17 अनारक्षित, 18 अनारक्षित 19, अनारक्षित महिला 20, अनारक्षित महिला, 21 अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित है।



नगर पालिका परिषद भाटापारा वार्ड 1 अनारक्षित, 2 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, 3 अनारक्षित महिला, 4 अनारक्षित महिला, 5 अनारक्षित महिला, 6अनुसूचित जाति, 7, 8, 9, 10, अनारक्षित 11, 14, 15, अन्य पिछड़ा वर्ग, 12, 13 अनारक्षित, 16अनुसूचित जाति महिला, 17 अन्य पिछड़ा वर्ग, 18 अनुसूचित जनजाति, 19 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, 20 अनुसूचित जाति, 21अनुसूचित जनजाति महिला, 22अन्य पिछड़ा वर्ग, 23अनारक्षित, 24अनुसूचित जाति, 25अनुसूचित जाति, 26अनारक्षित, 27 अनारक्षित, 28अनारक्षित महिला, 29अनुसूचित जाति महिला, 30 अनारक्षित, 31 अनारक्षित महिला शामिल है।

नगर पालिका परिषद सिमगा वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4, 5 अनारक्षित, 6, 12 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, 7, 8, 9 अनारक्षित महिला, 10 अनुसूचित जाति, 11, 13, 14, 15 अन्य पिछड़ा वर्ग शामिल है।

नगर पंचायत लवन वार्ड क्रमांक 1, 2, 4, 7, 8 अनारक्षित, 3, 6, 13 अनुसूचित जाति, 9अन्य पिछड़ा वर्ग, 10, 12 अनारक्षित महिला, 11अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, 14, 15अनुसूचित जाति महिला, नगर पंचायत कसडोल वार्ड क्रमांक 1, अनुसूचित जाति, 2, 10, 15 अनारक्षित महिला, 3, 8, 9, 12, 14 अनारक्षित, 4, 7, 11 अन्य पिछड़ा वर्ग, 13अनुसूचित जाति महिला, 6 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, 5 अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। इसी तरह नगर पंचायत टुंडरा वार्ड 1, 2 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, 4अनारक्षित महिला, 3, 5अनारक्षित, 6अनुसूचित जाति, 7अनारक्षित महिला, 8अनुसचित जाति महिला, 9, 10, 11, 13, अनारक्षित, 12, 14, 15अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है।

नगर पंचायत पलारी के लिए वार्ड क्रमांक 1, 6, 9, 14, 15 अनारक्षित, 2, 5, 10, अन्य पिछड़ा वर्ग, 4, 11, 12 अनारक्षित महिला, 3अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, 7अनुसूचित जाति, 8 अनुसूचित जाति महिला, 13 अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित किया गया है।

नगर पंचायत रोहासी वार्ड क्रमांक 1 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, 2, 7, 9, 13, 14, अनारक्षित, 5, 8, 12 अन्य पिछड़ा वर्ग, 3, 4, 6, अनारक्षित महिला, 10अनुसूचित जाति, 11अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित है। इस मौके पर अपर कलेक्टर दीप्ति गौते, अभिषेक गुप्ता, सभी आरो, एआरओ, सीएमओ सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।


न्यायालय तहसीलदार,एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जगदलपुर, जिला-बस्तर छ.ग.

रा.प्र.क्र./ब-121/2024-25

उद्घोषणा पत्र

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दामोदर चंडार पिता/ स्व. सुकरू चंडार निवासी जवाहर नगर वार्ड जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.) ने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि अपने पिता सुकरू चंडार पि. हरी चंडार निवासी जवाहर नगर वार्ड जगदलपुर का जन्म/मृत्यु दिनांक 05/11/1998 को निवास स्थान शहर जवाहर नगर वार्ड जगदलपुर में हुआ है। आवेदक/आवेदिका किसी कारण से अपने पिता का जन्म/मृत्यु तिथि 05/11/1998 को मुख्य नगर पालिक अधिकारी जगदलपुर/उप पंजीयक ग्राम पंचायत जगदलपुर के अभिलेख में दर्ज नहीं करा पाया था। वर्तमान में आवेदक को अपने पिता का शासकीय कार्य के लिये मृत्यु प्रमाण पत्र की आवश्यकता है उक्त संबंध में आवेदक के द्वारा आवेदन पत्र शपथ पत्र अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सरपंच/पार्षद का प्रमाण पत्र, सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन पत्र पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह अपनी आपत्ति न्यायालय में सुनवाई तिथि 03/01/2025 तक स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है । नियत तिथि के पश्चात् प्रस्तुत दावा-आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई अथवा विचार नहीं की जावेगी।

उद्घोषणा पत्र आज दिनांक 17.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार (नजूल)
जगदलपुर



कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, दन्तेवाड़ा
(फोन/फैक्स नं. - 07856-9252362, ई-मेल eedan-phe-cg@nic.in)

निविदा सूचना क्र./54/ले.शा./का.अ./लो.स्वा.यां.खण्ड,/2024 दन्तेवाड़ा, दिनांक : 18.12.2024

//मैनुअल पद्धति द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना//

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से जिला दंतेवाड़ा में कार्य हेतु मुहरबंद निविदा प्रपत्र 'अ' में एकीकृत पंजीयन व्यवस्था प्रणाली में 'डी' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| समूह क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू. लाख में | निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | विकासखण्ड कटेकल्याण के ग्राम मोखपाल में पावर पंप एवं जल वितरण पाईप लाईन एवं डी.पी.ई कार्य। | 15.09 | 23.12.2024 |
| 2 | विकासखण्ड कुआकोण्डा के ग्राम गोंगपाल में पावर पंप, राईजिंग मेन जी.आई. पाईप लाईन, घरेलु नल कनेक्शन एवं विद्युत कनेक्शन का कार्य। | 17.80 | 23.12.2024 |
| 3 | विकासखण्ड कुआकोण्डा के ग्राम श्यामगिरी में पावर पंप, राईजिंग मेन जी.आई. पाईप लाईन, घरेलु नल कनेक्शन एवं विद्युत कनेक्शन का कार्य। | 12.56 | 23.12.2024 |
| 4 | जिला दन्तेवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में एवं पारों में 06 नग, 150 मि.मी. व्यास के 180 मीटर गहरे नलकूप खनन का कार्य। | 10.10 | 23.12.2024 |
| | कुल योग:- | 55.55 | |

नोट:- उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में दिनांक 23.12.2024 तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

जी-242504672/4

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड
दंतेवाड़ा

## एक नजर

### विधानसभा परिसर में कांग्रेस विधायक-पत्रकार के बीच बहस

**रायपुर, 20 दिसंबर।** विधानसभा परिसर में शुक्रवार को कांग्रेस के विधायकों, और एक पत्रकार सुनील नामदेव की खूब बहस हुई। ये विवाद कैमरे पर रिकॉर्ड हो गया। विधानसभा में कानून व्यवस्था पर विपक्षी कांग्रेस सदस्यों ने स्थगन प्रस्ताव की सूचना दी थी, और फिर सदन में हंगामे के बाद कांग्रेस सदस्य बाहर चले गए। विधानसभा परिसर में गांधी प्रतिमा के सामने प्रदर्शन किया। इसी बीच नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, और पूर्व सीएम भूपेश बघेल से मीडिया कर्मियों ने चर्चा की। इसी बीच सवाल-जवाब के दौरान पत्रकार सुनील नामदेव की पहले भूपेश बघेल, और फिर कांग्रेस के विधायकों अटल श्रीवास्तव व अन्य के साथ बहस हुई। इसकी काफी चर्चा रही।

### 99.04 प्रतिशत डेथ क्लेम निपटाए गए

**रायपुर 20 दिसंबर।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने जुलाई 2024 से सितंबर 2024 की अवधि में 99.04 प्रतिशत का क्लेम सेटलमेंट रेशियो हासिल किया है, जो इंडस्ट्री में सबसे अधिक है। खास बात यह है कि डेथ क्लेम निपटाने में औसतन केवल 1.2 दिन का समय लगा है। आईसीआईसीआई प्रू लाइफ इंश्योरेंस के चीफ ऑपरेशन्स ऑफिसर, श्री अमीश बैंकर ने कहा, क्लेम वह पल है जब ग्राहक का विश्वास हम पर टिका होता है, और हम हर क्लेम को संवेदनशीलता के साथ संभालते हैं। वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में हमने 99.04 प्रतिशत क्लेम सेटल किए, जबकि नॉन-इन्वेस्टिगेटेड क्लेम्स का एवरेज सेटलमेंट समय (डॉक्युमेंट्स प्राप्त होने के बाद) केवल 1.2 दिन था। इस अवधि में हमने 451 करोड़ रुपये के डेथ क्लेम निपटाए।

### आईपीएस जीपी सिंह ने किया पदभार ग्रहण

**रायपुर 20 दिसंबर।** सीनियर आईपीएस जीपी सिंह ने शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय में पदभार ग्रहण कर लिया है।



राज्य सरकार की ओर से गृह विभाग ने गुरुवार को उनकी बहाली का आदेश जारी किया था। बता दें कि श्री सिंह के खिलाफ पूर्ववर्ती सरकार में तीन प्रकरण दर्ज करने के साथ उन्हे अनिवार्य सेवानिवृत्ति दे दी गई थी। इसके खिलाफ श्री सिंह सीएटी गए जहां सीएटी ने उनके पक्ष में फैसला सुनाया . वही दूसरी ओर छतीसगढ़ उच्च न्यायालय ने उक्त प्रकरण को विद्वेष पूर्ण मानते हुए मामले को खारिज कर दिया था . इस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट की युगल पीठ में पिटीशन दायर किया गया था जिसे सुप्रीम कोर्ट ने भी खारिज करते हुए उनके बहाली के निर्देश दिए थे . इस आदेश के बाद 19 दिसंबर को छतीसगढ़ शासन की ओर से गृह विभाग ने आदेश जारी कर उन्हें पदभार ग्रहण करने का आदेश दिया था इस तारतम्य में आज जीपी सिंह ने अपना पदभार ग्रहण किया। अब इंतजार इस बात का है कि सरकार उन्हे क्या जिम्मेदारी सौंपती है।

### ग्राहकों पर केंद्रित नई डिजिटल सेवा शुरू

**रायपुर 20 दिसंबर।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत के पांचवें सबसे बड़े सीमेंट समूह ने अपने सीमेंट और एमबीएम (मॉडर्न बिल्डिंग मैटेरियल्स) ग्राहकों के लिए अपने नई इनोवेटिव न्युवो सेतु ऐप को सफलतापूर्वक लॉन्च किया है। इस ऐप को खास तौर पर ग्राहकों को पूरी तरह से नया अनुभव देने के लिए डिजाइन किया गया है। हमारे प्रतिष्ठित डीलरों की उपस्थिति में ग्वालियर में पहला पायलट लॉन्च किया गया। नई ऐप का लॉन्च इवेंट एक शानदार सफलता थी, जिसमें ग्राहकों ने ऐप के माध्यम से लाइव ऑर्डर दिए। न्युवो सेतु ऐप आईओएस और एंड्रॉइड दोनों प्लेटफॉर्म पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध है, जो सभी डिवाइस पर यूज़र्स के लिए सुविधाजनक और आसान एक्सेस सुनिश्चित करता है।

### फ्लाइट में बिगड़ी यात्री की तबियत नागपुर में आपात लैंडिंग

**रायपुर, 20 दिसंबर ।** रायपुर से मुंबई जाने वाली विमान को नागपुर में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। बताया जा रहा है कि पैसेंजर की तबीयत खराब होने की वजह से विमान को नागपुर में ही उतार दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार, विमान देर रात 11 बजे रायपुर से मुंबई के लिए रवाना हुई थी। इसी दौरान एक पैसेंजर की तबीयत खराब हो गई। जिसके बाद विमान को आनन फानन में नागपुर में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। बताया जा रहा है कि पैसेंजर के मुंह से खून निकलने की शिकायत हुई जिसके बाद रात 12 बजे नागपुर में विमान को उतार दिया गया। जिसके बाद पैसेंजर की इजाल की व्यवस्था कराई गई।

## निधन

### उषा किरण शर्मा

**रायपुर 20 दिसंबर।** अग्रोहा कॉलोनी, रायपुरा निवासी उषा किरण शर्मा (चचेड़ी वाले) का गुरुवार रात्री निधन हो गया।



जिनका अंतिम यात्रा निज निवास अग्रोहा कॉलोनी से महादेव घाट के लिए निकली। वे स्व. डी.आर तिवारी की पत्नी, वरिष्ठ पत्रकार हरीश तिवारी, कल्याणी पांडे, कात्यायनी तिवारी, गिरीश तिवारी की माता व देवांश तिवारी, दक्षेस तिवारी की दादी थी।

# बिगड़ती कानून व्यवस्था पर स्थगन प्रस्ताव, हंगामा

## सत्ता और विपक्ष में जमकर नारेबाजी, कार्यवाही स्थगित

**रायपुर, 20 दिसंबर।** विधानसभा में आज विपक्ष ने प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था पर स्थगन प्रस्ताव लाया । चर्चा के दौरान विपक्ष ने कांग्रेस विधायक उत्तरी जांगड़े पर हुए एफ आई आर का जिक्र किया जिस पर सत्ता पक्ष के लोगों ने आपत्ति जताई, इससे विपक्ष खड़े होकर नारेबाजी करने लगे। इसके जवाब में सत्ता पक्ष की ओर से भी नारेबाजी होने लगी। लगातार हंगामा को देखते हुए स्पीकर डॉ रमन सिंह ने सदन की कार्यवाही 5 मिनट के लिए स्थगित करने की घोषणा की।




शून्यकाल में पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने स्थगन प्रस्ताव पर कहा कि प्रदेश में लगातार चोरी, लूट, हत्या, बलात्कार, अपहरण जैसी घटनाएं हो रही हैं। इसे रोकने में पुलिस नाकाम साबित हो रही है। विपक्ष के उमेश पटेल ने चर्चा के दौरान बताया कि सारंगढ़ विधायक पर मात्र भाषण पर एफ आई आर दर्ज कर लिया गया, इस पर भाजपा विधायक सुशांत शुक्ला ने आपत्ति जताई जिसका विपक्ष के विधायक विरोध करते हुए खड़े होकर नारेबाजी करने लगे ।सत्ता पक्ष की ओर से भी जवाबी नारेबाजी होने लगी। इस दौरान स्पीकर डॉ रमन सिंह पक्ष विपक्ष को शांत करने की समझाइश देते रहे परन्तु सदन में दोनों ओर से हंगामा जारी रहा, जिसे देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने सदन की कार्यवाही पांच मिनट के लिए स्थगित करने की घोषणा कर दी।




### अलग-अलग क्षेत्र में ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 58 लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर, 20 दिसंबर।** उरला व कबीरनगर थाना क्षेत्र में ऑनलाइन ट्रेडिंग शेयर मार्केट से ज्यादा मुनाफा कमाने का झांसा देकर दो लोगों से 58 लाख 94 हजार 700 रुपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार जागृतिनगर बीरगांव निवासी प्रार्थी खेमचंद पटेल 27 वर्ष ने उरला थाना में शिकायत किया कि उसके पास अज्ञात मोबाइल नंबर 88724-13619 से कॉल आया। उक्त व्यक्ति ने प्रार्थी ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग में पैसा कमाने का झांसा देकर विभिन्न खातों में 12 लाख 94 हजार 700 रुपए जमा करवा लिया। इसी तरह दूसरे मामले में हर्षित लैण्ड मार्क हीरापुर निवासी सुमीत कुमार शुक्ला 31 वर्ष ने कबीरनगर थाना में शिकायत किया कि उसके पास अज्ञात मोबाइल नंबर 75019-93731 से कॉल आया और ऑनलाइन ट्रेडिंग में ज्यादा मुनाफा कमाने का झांसा देकर 46 लाख रुपए अपने खाता में जमा करवा लिया।

## मन में विश्वास हो तो सफलता निश्चित: महेंद्र अग्रवाल

**रायपुर 20 दिसंबर।** सफ़लता यदि पानी है तो संकल्प लेकर मन मे विश्वास रख कार्य करें तो जीवन मे हर लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है,ऊक्त बातें जैतुसाव मठ के ट्रस्टी श्री महेन्द्र अग्रवाल ने विकास शिक्षा महाविद्यालय में आयोजित कम्युनिटी प्रोग्राम की रैली में कही। ऊपस्थित श्री अजय तिवारी ने छात्र अध्यापक को कहा कि सामाजिक जिम्मेदारी भी आपको उठानी चाहिये,जागरूक करना भी आपको ही है । महाविद्यालय के संचालक डॉ सुरेश शुक्ला ने आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर छात्र अध्यापकों ने एक रैली निकाली जो देवपुरी वार्ड के विभिन्न मोहल्ले में जाकर स्वछता व मोबाइल स्केम के विषय मे लोगों को जागरूक किया।रैली में महाविद्यालय के विद्वान प्रध्यापक श्रीमती संगीता दुबे,अनुकृति शुक्ला हिमलता साहू डेनिता साहू वर्षा अग्रवाल वन्दना साहू डोलेश्वरी होता प्रदीप प्रधान आदि शामिल थे।

### 6 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायपुर, 20 दिसंबर।** बीएसयूपी कालोनी तेलीबांधा में जुआ खेलते 6 जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 10320 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा पुलिस को सूचना मिली कि बीएसयूपी कालोनी में कुछ लोग जुआ खेल रहे है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी अमन मोंगराज 38 वर्ष, लिंगराज दीप 25 वर्ष सहित अन्य 4 को गिरफ्तार किया है।

## संसद में भाजपाई सांसदों ने संसद की मर्यादा तोड़ी: बैज

**रायपुर 20 दिसंबर।** संसद में भाजपाई सांसदों ने संसद की मर्यादा को तोड़ा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि देश के संसदीय इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ कि सत्तारूढ़ दल के सांसदों ने सोची समझी साजिश के तहत विपक्ष के सांसदों को सदन में प्रवेश से रोका गया। विपक्षी सांसदों के साथ सत्तारूढ़ दल के सांसदों ने धक्का मुक्की किया। कांग्रेस के 81 वर्षीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को धक्का मार कर जमीन पर गिरा दिया गया। नेता प्रतिपक्ष के साथ धक्का मुक्की किया गया। कांग्रेस की महिला सांसदों से अभद्रता किया गया। प्रियंका गांधी सहित महिला सांसदों से भाजपाई सांसदों ने धक्का मुक्की



किया। भाजपाई सांसदों का आचरण अकल्पनीय तथा भारत के संसदीय इतिहास पर काला धब्बा है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि इस घटना के बाद देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को टार्गेट कर के सत्तारूढ़ दल के नेताओं ने जो बयान दिया वह यह स्पष्ट करता है कि पूरा घटना क्रम सत्ता रूढ़ दल की सोची समझी साजिश है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करना भाजपा का लोकतंत्र विरोधी चरित्र है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा के नेता गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा बाबा साहब अंबेडकर के खिलाफ की गयी टिप्पणी से देश का ध्यान भटकाने भाजपा ने यह षडयंत्र किया। डॉ. अंबेडकर केवल संविधान निर्माता नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों के प्रेरणास्त्रोत और अधिकारों के संरक्षक थे। बाबा साहब ने देश के वंचित वर्गो को संविधान के माध्यम से मुख्यधारा से जोड़ा, वे नये भारत के भाग्य निर्माता थे, उनके बारे में टिप्पणी करना अमित शाह और भाजपा की फासीवादी सोच को प्रदर्शित करता है। भाजपा को यह कदापि भी बर्दाश्त नहीं हो रहा कि अंबेडकर की सोच के कारण देश के वंचित वर्गों को उनका हक और अधिकार मिल रहा है। भाजपा सामाजिक न्याय की विरोधी है। अमित शाह की टिप्पणी उनकी खुद की ही नहीं पूरी भाजपा और आरएसएस की गरीब पिछड़ा एवं वंचित वर्ग विरोधी सोच को सामने लाती है। बाबा साहब के प्रति किसी भी तरह की आपत्तिजनक टिप्पणी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा उनको माफी मांगनी चाहिए।

### घर घुसकर महिला की हत्या पुलिस जांच में जुटी

**रायपुर, 20 दिसंबर।** रायपुरा स्थित यादव कबाड़ी दुकान के पास अज्ञात आरोपी ने एक महिला की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। मामले में डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतिका सुखवंतीन बाई ढीमर 40 वर्ष यादव कबाड़ी दुकान के पास डीडीनगर की रहने वाली थी। पुलिस को सूचना मिली कि अज्ञात आरोपी ने सुखवंतीन बाई की हत्या कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि सुखवंतीन की लाश उसके कमरे के अंदर मिली है। शरीर के कमर व गर्दन के पास चोट के निशान है। पुलिस ने मामले में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### वायर क्रॉप्ट साइंस गोदाम से हजारों रुपए की कृषि दवा पार

**रायपुर, 20 दिसंबर।** भनपुरी स्थित वी वायर क्रॉप्ट साइंस गोदाम का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने 28 पेटी कृषि दवाई पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सुनील अग्रवाल 88 वर्ष फुल चौक के पास मौदहापारा का रहने वाला है। प्रार्थी का भनपुरी में वी वायर क्रॉप्ट साइंस नाम से गोदाम है। जिसका अज्ञात चोर ने ताला तोड़कर गोदाम से 28 पेटी कृषि दवाई पार कर दिया। चोरी गए दवाई की कीमत करीब 80 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## व्यापारिक संघों को चिल्हर वितरण

**रायपुर 20 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलचा, कार्यकारी अध्यक्ष-राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल, ने बताया कि पंजाब नेशनल बैंक रायपुर के मण्डल प्रमुख श्री वीरेंद्र कुमार शर्मा की पहल पर मोबाइल कैश वैन के माध्यम से चेम्बर कार्यालय चै. देवीलाल व्यापार उद्योग भवन बाम्बे मार्केट, रायपुर में विभिन्न व्यापारिक संघों को चिल्हर वितरण किया गया। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी ने कहा कि आज पंजाब नेशनल बैंक करेन्सी चेस्ट द्वारा चेम्बर के माध्यम से व्यापारिक संघों एवं व्यापारियों को चेम्बर भवन में चिल्हर वितरण किया गया। इससे बाजार में चिल्हर की समस्याओं से कुछ हद तक निजात मिल जायेगा एवं व्यापार सुचारू रूप से संचालित होगा। श्री पारवानी ने आशा व्यक्त की




कि भविष्य में भी अन्य बैंकों के करेंसी चेस्ट द्वारा भी समय-समय पर केम्प लगाकर चिल्हर एवं करेंसी वितरण किया जाये जिससे व्यापारियों को चिल्हर संबंधी परेशानी से मुक्ति मिल सके।करेंसी चेस्ट रायपुर के शाखा प्रबन्धक श्री सतीश मालिक ने बताया कि बाजार में लेन-देन हेतु चिल्हर की कमी के कारण व्यापारी व ग्राहक के बीच लेन-देन में हो रही असुविधा को देखते हुए व्यापारियों को 1,2,5,10, एवं 20 का सिक्का वितरण किया गया। इस अवसर पर चेम्बर कार्यकारी अध्यक्ष राम मंधान, युवा चेम्बर महामंत्री कांति पटेल, हिमांशु वर्मा, योगेश भानुशाली सहित युवा चेम्बर की टीम, अवनीत सिंह तथा अनेक व्यापारिक संघों के प्रतिनिधि एवं व्यापारीगण प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## कुलियों, वेंडर्स, सफाई कर्मियों को कम्बल वितरित किए



**रायपुर 20 दिसंबर।** 19 दिसंबर को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में रायपुर रेलवे स्टेशन पर ठंड से बचाव के लिए कुलियों (सहायक), वेंडर्स, सफाई कर्मियो, हमलों को कम्बल, स्टाल मेंबर्स को वितरीत किए गए। मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री राकेश सिंह के प्रयास से सिंधी काउंसिल ऑफ़ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई रायपुर द्वारा निशुल्क 350 कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री राकेश सिंह एवं प्रदेश अध्यक्ष सिंधी काउंसिल श्री ललित जैसिंध, मुख्य स्टेशन प्रबंधक, रायपुर एन के साहू, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक, सिंधी काउंसिल ऑफ़ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अंधविश्वास में न पड़ें ग्रामीण: मिश्र

**रायपुर 20 दिसंबर।** अंधविश्वासजब किसी व्यक्ति के दिमाग पर हावी हो जाता है ,तो वो व्यक्ति गलत फैसले कर बैठता है. सरगुजा में एक आनंद राम नामक युवक ने पिता बनने की मन्नत पूरी करने के लिए बैगा की सलाह पर जिंदा चूजा (मुर्गा )ही निगल लिया.जो युवक की श्वास नली में फंस गया और सांस न ले पाने, दम घुटने के कारण युवक की तत्काल मृत्यु हो गई.



डॉ दिनेश मिश्र ने कहा जानकारी मिली है कि अंबिकापुर के दरिमा के ग्राम छिंदकालों का निवासी आनंद राम यादव कुछ समय से संतान न होने के कारण से एक बैगा के संपर्क में रहा. बैगा ने ही उसे मन्नत मांगने व जिंदा चूजा निगलने की सलाह दी.उस सलाह के आधार पर पर युवक ने इस तरह का आत्मघाती कदम उठाया परिजनों ने बताया कि युवक घर में मौजूद था. आंगन में आने के दौरान चक्कर खाकर गिर पड़ा. परिजन उस युवक को लेकर अस्पताल पहुंचे. डॉक्टरों ने जांच के बाद बताया कि युवक की मौत हो चुकी है. युवक की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई थी लिहाजा डॉक्टरों ने पोस्टमार्टम करने का फैसला किया. फॉरेंसिक टीम ने जब पोस्टमार्टम शुरु किया हार्ट अटैक,ब्रेन हेमरेज की शंका व्यक्त की जा रही थी दोनों ही अंगों में कहीं कोई दिक्कत नजर नहीं आई, तब उन्होने मृतक के गले को चीरा लगा कर खोला तब गला खुलते ही वहां पर एक मुर्गे का चूजा नजर आया. डॉक्टर गले में फंसे चूजे को देखकर हैरान रह गए. फॉरेंसिक टीम ने बताया कि चूजे को जिंदा निगला गया है. चूजा गले में जाकर स्वास और खाने की नली में यू शेप में फंस गया. दम घुटने से युवक की मौत हुई है. युवक के रिश्तेदारों को कुछ भी जानकारी नहीं थी. बेटे ने कब चूजा लाया और कब निगला मृतक आनंद कुमार यादव को 14 दिसंबर के दिन अचेतावस्था मेंअंबिकापुर मेडिकल कॉलेज लाया गया गया था. डॉक्टरों ने चेक करने के बाद बताया कि उसकी मौत हो चुकी है. डॉ मिश्र ने कहा भोले भाले लोग इस तरह अंधविश्वास में पड़कर न केवल अपनी जान से हाथ धो बैठते है बल्कि पूरे परिवार की जिंदगी बर्बाद कर बैठते हैं. ग्रामीणों को इस प्रकार किसी भी बैगा , गुनिया की बात पर आँखें बंद कर भरोसा नहीं करना चाहिए. किसी अंधविश्वास में नहीं पड़ना चाहिए।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26